मंगलवार, 23 दिसम्बर 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 26 |
| आर्द्रता | 71% |
| सूर्योदय: 06:12 | सूर्यास्त: 16:58 |



साल 2013 के झीरम घाटी नक्सली हमले में कांग्रेस के अंदरूनी लोग ही शामिल थे: नड्डा पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** जो करना है, आज कर लो, कल तो खुद कल के इंतजार में है।




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# भारत-न्यूज़ीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'ऐतिहासिक मील का पत्थर' बताया

- 20 अरब डॉलर का एफडीआई होगा उपलब्ध
- वस्त्र व इंजीनियरिंग सामान को मिलेगी शुल्क-मुक्त पहुंच



**नयी दिल्ली :** भारत और न्यूजीलैंड ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत पूरी होने की सोमवार को घोषणा की। यह समझौता श्रम-गहन क्षेत्रों से आने वाले विभिन्न घरेलू उत्पादों को शुल्क-मुक्त पहुंच देगा। साथ ही इससे अगले 15 वर्ष में 20 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) उपलब्ध होगा। इस समझौते से अगले पांच वर्ष में वस्तुओं व सेवाओं के द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके पांच अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने में मदद मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड को भेड़ के मांस, ऊन, कोयला और वनों एवं लकड़ी से बनी 95 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। समझौते के तहत न्यूजीलैंड को कीवी फल, शराब, कुछ समुद्री खाद्य पदार्थ, चेरी, एवोकाडो, पर्सिमन, शिशु 'फॉर्मूला', मनुका शहद और दूध 'एल्ब्यूमिन' जैसी कई अन्य वस्तुओं पर शुल्क छूट भी मिलेगी। घरेलू किसानों और सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की सुरक्षा के लिए भारत राजनीतिक रूप से संवेदनशील दुग्ध क्षेत्र जैसे दूध, क्रीम, व्हे, दही तथा पनीर में कोई शुल्क छूट नहीं देगा। इस समझौते के अंतर्गत शामिल न होने वाले अन्य उत्पाद वनस्पति उत्पाद (प्याज, चना, मटर, मक्का, बादाम), चीनी, कृत्रिम शहद, पशु, वनस्पति या सूक्ष्मजीवों से प्राप्त वसा और तेल, हथियार व गोला-बारूद, रत्न एवं आभूषण, तांबा तथा उसके उत्पाद और एल्युमीनियम तथा उससे संबंधित वस्तुएं हैं। इसने कुशल व्यवसायों में कार्यरत भारतीय पेशेवरों के लिए एक नए अस्थायी रोजगार प्रवेश वीजा मार्ग के माध्यम से कुशल रोजगार के रास्ते भी खोले हैं। इसमें किसी भी समय 5,000 वीजा का 'कोटा' शामिल होता है और अधिकतम तीन साल तक का प्रवास संभव होता है। इसमें आयुष चिकित्सकों, योग प्रशिक्षकों, भारतीय रसोइयों और संगीत शिक्षकों जैसे भारतीय व्यवसायों के साथ-साथ आईटी, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा एवं निर्माण जैसे उच्च मांग वाले क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है जिससे कार्यबल की आवाजाही एवं सेवा व्यापार को मजबूती मिलेगी। इस समझौते पर हस्ताक्षर होने और इसके लागू होने में संभवत: करीब सात से आठ महीने लग जाएंगे। यह समझौता अमेरिका में 50 प्रतिशत शुल्क का सामना कर रहे भारतीय निर्यातकों को 'ओशिनिया' क्षेत्र में अपने निर्यात को विविधतापूर्ण बनाने में मदद करेगा। पृष्ठ 8

### सोना 1.38 लाख रुपये के नए शिखर पर, चांदी का भी नया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली :** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 1,685 रुपये की बढ़त के साथ 1,38,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। राजधानी में चांदी की कीमतें भी 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं।

### भारत में चीनी दूतावास अब वीजा आवेदन ऑनलाइन स्वीकार करेगा: चीनी ऑनलाइन पोर्टल

**बीजिंग :** दिल्ली स्थित चीनी दूतावास ने भारतीय पासपोर्ट धारकों को ऑनलाइन वीज़ा आवेदन की सुविधा प्रदान करने के लिए 'चीन ऑनलाइन वीजा एप्लिकेशन सिस्टम' शुरू किया है। यह जानकारी एक सोशल मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को दी गई। शेनझेन स्थित चीनी ऑनलाइन पोर्टल ग्रेटर बे एरिया (जीबीए) के अनुसार, यह प्रक्रिया पिछली प्रक्रिया की तुलना में आसान है, जिसमें आवेदकों को कई कागजी दस्तावेज भौतिक तौर पर प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती थी। इससे पहले, भारत में चीनी दूतावास ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट 'वीचैट' पर घोषणा की थी कि ऑनलाइन वीजा सेवा प्रणाली 22 दिसंबर से शुरू की जाएगी।

# हावड़ा में भीषण अग्निकांड, सोते समय जिंदा जले एक ही परिवार के चार लोग



- मृतकों में एक नाबालिग भी शामिल

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के जयपुर थाना अंतर्गत साउड़िया सिंहपाड़ा में रविवार की आधी रात को एक कच्चे मकान में आग लग जाने से एक नाबालिग समेत चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दुर्योधन दोलुई (75), दूधकुमार दोलुई (42), अर्चना दोलुई (38) और शम्पा दोलुई (14) के रूप में हुई है। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर एक ही कमरे में सो रहे थे। देर रात अचानक आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि घर के अंदर मौजूद किसी भी सदस्य को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। इसी बीच, आग की तपिश और लपटों के कारण घर की एस्बेस्टस की छत उनके ऊपर गिर गई, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई और चारों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सोमवार को गांव में गंगा पूजा के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम चल रहा था, जिसके कारण गांव के अधिकांश लोग वहीं व्यस्त थे। रात करीब 12 बजे जब यह हादसा हुआ, तब आसपास लोगों की मौजूदगी कम थी और बाकी लोग सो रहे थे, इसलिए शुरुआत में किसी का ध्यान आग की ओर नहीं गया। बाद में जब चीख-पुकार मची, तब ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां पहुंचीं और आग पर काबू पाया। जयपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर चारों शवों को बरामद किया और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए उलुबेरिया के शरत चंद्र चट्टोपाध्याय गवर्नमेंट मेडिकल कालेज एवं अस्पताल भेज दिया है। पुलिस और दमकल विभाग की प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

# निर्वाचन आयोग ने बंगाल में एसआइईआर प्रक्रिया में भारी त्रुटियां कीं : ममता

## मुख्यमंत्री का आरोप, चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर कर रहा काम

- ममता ने नेताजी इंडोर स्टेडियम में बीएलए के साथ की बैठक



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला करते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य में मतदाता सूचियों की अब तक की गई विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद प्रकाशित मसौदा सूचियों में 'भारी त्रुटियां' हैं। ममता ने यहां नेताजी इनडोर स्टेडियम में तृणमूल कांग्रेस के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं (बीएलए) की बैठक को संबोधित करते हुए इस कवायद को 'शुरू से आखिर तक त्रुटियों वाली' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार को सूचित किए बिना पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर रहा है और भाजपा के हितों को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग केवल भाजपा के निर्देशों पर काम कर रहा है। ममता ने कहा कि राज्य में एसआईआर प्रक्रिया के गणना के चरण में मतदाताओं की 'मैपिंग' में 'भारी त्रुटियां' हुई हैं। ममता ने आरोप लगाया कि हजारों 'सही मतदाताओं' के नाम मसौदा सूचियों से हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि इतने सारे असली मतदाताओं की समस्याओं को इतने कम समय में कैसे हल किया जा सकता है। तृणमूल प्रमुख ने यह भी दावा किया कि एसआईआर सुनवाई के लिए सूक्ष्म पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए केंद्रीय अधिकारियों को स्थानीय भाषा का बहुत कम ज्ञान है और वे पुनरीक्षण प्रक्रिया के दूसरे चरण के दौरान सत्यापन करने के लिहाज से अयोग्य हैं। उन्होंने कहा कि कई केंद्रीय एजेंसियों ने बीएलओ को नियुक्त करने में भूमिका निभाई है। उन्होंने हमारी जानकारी के बिना पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए हैं। राज्य उन्हें पूरा सहयोग देगा, लेकिन मुझे इन सभी लोगों का ब्योरा पता होना चाहिए, जिसमें यह भी शामिल है कि वे कहां रहते हैं और किन विभाग में काम करते हैं। मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग पर विधानसभा चुनाव से पहले जबरदस्ती यह कवायद दो महीने में पूरी करने का आरोप लगाया जिसमें दो साल लगते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा बेशर्म आयोग पहले कभी नहीं देखा, और ना ही मैं भविष्य में वर्तमान आयोग को फिर से देखना चाहती हूं।

**'पैसों के दम पर बंगाल में मुसलमानों को बांट रही भाजपा'**

ममता ने मतुआ समुदाय के लोगों और अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को भी भरोसा दिलाया कि वे मताधिकार से वंचित होने की चिंता न करें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल में मुसलमानों के बीच फूट डालने की कोशिश कर रही है। वह समुदाय को बांटने की कोशिश कर रही है। ममता ने कहा कि नेता नहीं बल्कि केवल जमीनी स्तर के तृणमूल कार्यकर्ता ही भाजपा को बंगाल में पैर जमाने से रोक सकते हैं। उन्होंने पार्टी समर्थकों से राज्य में सत्ता पर कब्जा करने की। भगवा खेमे की कुटिल चालों का पूरी तरह से प्रतिरोध करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बंगाल को भाजपा के चंगुल से बचाने के बाद दिल्ली पर कब्जा करेंगे।

## बांग्लादेश ने नयी दिल्ली और त्रिपुरा में वीजा सेवाएं निलंबित कीं

**नयी दिल्ली :** भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश ने नयी दिल्ली स्थित अपने उच्चायोग और त्रिपुरा स्थित अपने मिशन में वीजा सेवाएं निलंबित कर दी हैं। इस घटनाक्रम से अवगत लोगों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों के समूहों द्वारा उच्चायोग और मिशन के बाहर प्रदर्शन किये जाने के बाद वीजा सेवाओं को निलंबित करने का निर्णय लिया गया। नयी दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग ने एक सार्वजनिक सूचना जारी कर अपरिहार्य परिस्थितियों के मद्देनजर वीजा सेवाओं के निलंबन की जानकारी दी। त्रिपुरा स्थित बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग ने भी रविवार को मिशन के बाहर विरोध प्रदर्शन होने के बाद वीजा सेवाओं को निलंबित करने की इसी तरह की घोषणा की। समझा जाता है कि पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में वीजा आवेदनों की प्रक्रिया के लिए ढाका द्वारा नियुक्त एक निजी ऑपरेटर ने भी अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं।

### मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को दी। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मुख्य सचिवों का पांचवां राष्ट्रीय सम्मेलन 26 से 28 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित किया जाएगा और यह केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## एसआईआर : 27 दिसंबर से होगी सुनवाई, बीडीओ ऑफिस या सरकारी बिल्डिंग में होगी सुनवाई

- कल माइक्रो ऑब्जर्वरों की नजरुल मंच में स्पेशल ट्रेनिंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग ने कुछ दिन पहले ही वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी किया है। अब सुनवाई का काम शुरू हो रहा है। यह काम राज्य में 27 दिसंबर से शुरू हो रहा है। ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के बाद सुनवाई के लिए नोटिस भेजने का काम शुरू हो जाएगा। बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) यह काम कर रहे हैं। आयोग के सूत्रों के मुताबिक, पहले फेज में जिनकी 2002 की वोटर लिस्ट से मैपिंग नहीं हो पाई थी, उन्हें ही सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। आयोग का दावा है कि राज्य में ऐसे वोटरों की संख्या करीब 32 लाख है। 10 लाख नोटिस छापने का काम पहले ही पूरा हो चुका है। हालांकि, आयोग का मानना है कि मंगलवार तक सभी नोटिस छप जाएंगे। दूसरी ओर, चुनाव आयोग ने माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने का काम भी शुरू कर दिया है। पता चला है कि करीब चार हजार माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए जा चुके हैं। उन्हें इस बारे में अपॉइंटमेंट लेटर भेज दिए गए हैं।

असल में, ये सभी ऑफिसर सुनवाई के काम की देखरेख के लिए जिम्मेदार होंगे। इस काम के लिए खास ट्रेनिंग भी दी गई है। आयोग सूत्रों के मुताबिक, कल नजरुल मंच में स्पेशल ट्रेनिंग रखी गई है। यह ट्रेनिंग दो फेज में होगी। चुनाव आयोग सुनवाई के फेज में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहता। आयोग सूत्रों के मुताबिक, वोटर्स को नोटिस पर साइन करने के बाद एक रसीद कॉपी दी जा रही है। इतना ही नहीं, जब वे सुनवाई में मौजूद होंगे, तो उन्हें साइन भी करना होगा। साइन को वेरिफाई किया जाएगा कि संबंधित व्यक्ति वही है या नहीं। आयोग सूत्रों के मुताबिक, ब्लॉक लेवल पर सुनवाई बीडीओ ऑफिस या सरकारी बिल्डिंग में होगी। ऐसी खबरें हैं कि सरकारी स्कूल और कॉलेज में भी सुनवाई होगी। इसके अलावा, आयोग सूत्रों के मुताबिक, म्युनिसिपैलिटी बिल्डिंग में भी सुनवाई होगी।

## उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी, अगले कुछ दिनों तक घने कोहरे का अलर्ट

**नयी दिल्ली :** उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को कड़ाके की सर्दी का असर बना रहा। हालांकि कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक दर्ज किया गया, लेकिन ठंडी हवाओं और कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पंजाब के कई इलाकों में सुबह के समय कोहरे की वजह से दृश्यता कम रही। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि 27 दिसंबर तक उत्तरी राज्यों में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में अधिकतम तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि क्रिसमस के दिन दिल्ली में तापमान सामान्य के आसपास रहेगा, आसमान साफ रहने की संभावना है, हालांकि सुबह हल्का कोहरा छा सकता है। आईएमडी के अनुसार पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, ओडिशा सहित कई राज्यों में 29 दिसंबर तक अलग-अलग दिनों में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है।







## चीन की कामयाबी से सबक ले रोकें प्रदूषण

देश-दुनिया में दिल्ली में प्रदूषण को लेकर भारी चिंता है, लेकिन यह सिर्फ दिल्ली का ही संकट नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरियाणा, उ.प्र. व राजस्थान के कई शहर भी प्रदूषणग्रस्त हैं। इसके अलावा लखनऊ, वाराणसी, जयपुर, पटना, मुजफ्फरपुर, कानपुर व देश के अन्य शहरों में भी प्रदूषण संकट आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। हालांकि, इन शहरों में संकट दिल्ली जैसा नहीं है, लेकिन पूरे देश के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने की जरूरत तो है। दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में तीसरे स्थान पर आने वाली दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक का 450 के आसपास बना रहना, निश्चय ही खतरे की घंटी है। दिल्ली सरकार द्वारा उत्सर्जन मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक, दफ्तरों में वर्क फ्रॉम-होम, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई, तोड़फोड़ व निर्माण पर रोक के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। इसी बीच, चीन के दूतावास ने दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण में मदद की पेशकश की है। चीनी दूतावास की एक प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट में स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें दिल्ली में एक्यूआई 447 व बीजिंग में 67 दिखाई दे रहा है। निस्संदेह, भारत व चीन दोनों ही तीव्र शहरीकरण की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन चीन ने योजनाबद्ध ढंग से उस परिदृश्य को दूर किया है, जिसमें चीन के तमाम शहर सर्दियों में स्मॉग से ढके रहते थे।

हालांकि, साम्यवादी चीन व लोकतांत्रिक भारत में नीतियों के क्रियान्वयन में मूलभूत अंतर है। फिर भी चीन की सफलता से सीखा जा सकता है। चीन ने पिछले दो दशकों में आक्रामक ढंग से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया। वाहन उत्सर्जन पर नियंत्रण किया। लाइसेंस प्लेट लॉटरी व ऑड-ईवन से सड़कों पर वाहनों को कम किया। उसने बड़े मेट्रो-बस नेटवर्क को बढ़ाकर सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाया। करीब तीन हजार के करीब भारी उद्योगों को बीजिंग व आसपास के शहरों से हटाया गया। एक बड़ी स्टील कंपनी को हटाने से घातक कणों में बीस फीसदी की कमी आई। सबसे अधिक जोर कोयले पर आधारित बिजली संयंत्रों व उद्योगों पर रोक लगाने में लगा। इसके अलावा, निर्माण स्थलों पर धूल-रोधी जाली लगाने, पानी के छिड़काव-सफाई, किसानों को पराली भत्ता देने व प्रदूषण के पीक समय में निर्माण पर रोक जैसे कदम उठाए। वहां पौधारोपण को बढ़ावा दिया गया। निस्संदेह, बीजिंग व दिल्ली की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन बीजिंग मॉडल पर विचार होना चाहिए। दरअसल, दिल्ली की भौगोलिक परिस्थिति बीजिंग से भिन्न है, दिल्ली लैंडलॉक्ड क्षेत्र है, आसपास समुद्री इलाका भी नहीं है। लेकिन कोयला आधारित संयंत्रों को बंद करने, सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने तथा औद्योगिक संस्थानों को राजधानी की सीमा से बाहर किया जाना चाहिए। इस कार्य के लिए विशेष बजट की भी व्यवस्था हो। चिंता की बात यह भी है कि दिल्ली की तीन सौ किमी की परिधि में ग्यारह कोयला आधारित पॉवर प्लांट्स हैं, जिन्हें सर्वाधिक प्रदूषण का स्रोत माना जाता है। बहरहाल, दीर्घकालिक नीति बनाने व फैसलों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है।

# भूमि की बिगड़ती सेहत और किसान



प्रमोद भार्गव

दुनिया के अनेक देषों की तरह भारत भी वन क्षरण, अत्याधिक कृशि गतिविधियों से भूमि की नमी घटने और उसकी उर्वरता कम होने की समस्या से जूझ रहा है। इन कारणों के चलते भारत की 30 प्रतिषत से भी ज्यादा भूमि की सेहत बिगड़ गई है। षहरीकरण और औद्योगिक विकास से कृशि भूमि नश्ट हो रही है। वहीं उद्योग, बिजली और सिंचाई व पेयजल के लिए बड़े बांधों के अस्तित्व में आ जाने के कारण दलदली भूमि भी बढ़ रही हैं।यह समस्या मध्य-प्रदेष, राजस्थान, महाराश्ट्र और पंजाब में सर्वाधिक होने के साथ, इन्हीं राज्यों के क्षेत्रफल के बराबर है। इससे 72000 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है। क्षरण और भूमि के मरुस्थलीकरण से हमारे सकल घरेलू उत्पाद में 2.5 प्रतिषत और फसल की पैदावार में भी कमी आई है। इधर खेतों में रासायनिक उर्वरक, कीटनाषक और जीएम फसलों की पैदावार ने भी खेतों की सेहत बिगाड़ने का काम बड़ी मात्रा में किया है।

नतीजतन जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव भी गहरा गए हैं। वैष्विक स्तर पर भूमि क्षरण की समस्या के समाधान के लिए 450 अरब डॉलर का वार्शिक खर्च आएगा। यदि इसमें सुधार जल्दी नहीं किया गया तो विश्व में 3.2 अरब लोगों का जीवन संकटग्रस्त हो सकता है। भारत के लिए यह समस्या इसलिए विकराल है, क्योंकि दुनिया की 18 प्रतिशत जनसंख्या भारत में बसती है, जबकि दुनिया की कुल भूमि का भारत के पास महज 2.4 प्रतिशत भू-भाग ही है। साफ है, उपजाऊ जमीन का बंजर भूमि में बदलना चिंता का विषय है। संयुक्त राश्ट्र की जलवायु परिवर्तन संबंधी अंतर-सरकारी समिति द्वारा अगस्त-2019 में जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 23 प्रतिषत कृशि योग्य भूमि का क्षरण हो चुका है। भारत में यह आंकड़ा 30 प्रतिषत भूमि के क्षरण का है। चुनांचे निकट भविश्य में भूमि में व्यापक सुधार नहीं हुए तो यह समस्या एक प्राकृतिक आपदा में बदलती चली जाएगी।

यह विडंबना ही है कि भारत में रोटी और रोजगार का सबसे बड़ा संसाधन बनी भूमि की गुणवत्ता अथवा उसकी बिगड़ती सेहत को जांचने का अब तक कोई राष्ट्रव्यापी पैमाना नहीं है। जबकि देश की कुल आबादी में से सत्तर प्रतिषत आबादी कृषि और प्राकृतिक संपदा से रोजी-रोटी जुटाती है। भूमि की उर्वरता और क्षरण को लेकर टुकड़ों में तो आकलन आते रहते हैं, लेकिन इस स्थिति की वास्तविक हालत का खुलासा करने वाला कोई एक मानचित्र देश की जनता के सामने पेश नहीं किया गया। हालांकि अशासकीय स्तर पर इस मांग की आपूर्ति अहमदाबाद की संस्था 'स्पेस एप्लिकेशन सेंटर' ने सत्रह अन्य इसी काम से जुड़ी एजेंसियों के साथ मिलकर की है। जमीन की सेहत से जुड़ा यह शोध बताता है कि आधुनिक व औद्योगिक विकास, जल व वायु प्रदूषण और कृषि भूमि में खाद व कीटनाशकों के बढ़ते चलन ने किस तरह से उपयोगी भूमि को रेगिस्तान में तब्दील करने का सिलसिला जारी रखा हुआ है। 'स्पेस एप्लिकेशन सेंटर' द्वारा किए शोध के मुताबिक राजस्थान का 21.77 प्रतिशत, जम्मू, कश्मीर एवं लद्दाख का 12.79 और गुजरात में 12.72 प्रतिशत क्षेत्र रेगिस्तान में बदल चुका है। मध्यप्रदेश में चंबल के बीहड़ पिछले 60 साल में 45 प्रतिशत बढ़े हैं। महाराष्ट्र में विदर्भ और उत्तर-प्रदेश व मध्यप्रदेश में बुंदेलखण्ड क्षेत्र की कृषि का अनावृष्टि के कारण तेजी से क्षरण हो रहा है। वहीं भू-जल के बेतहाशा दोहन और अल्पवर्षा के चलते खेतों में दस सेंटीमीटर नीचे एक ऐसी कठोर परत बनती जा रही है, जो कालांतर में फसल की उत्पादन क्षमता को प्रभावित करेगी।

रेगिस्तान के विस्तार की तह में अतिवृष्टि और अनावृष्टि का चक्र तो है ही 1999 के बाद से मानसून की दगाबाजी ने उपजाऊ भूमि को बंजर भूमि में बदल देने का काम किया है। इन्हीं वजहों से देश के पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्र भूमिक्षरण के प्रभाव में आए जंगलों का विनाश, चरनोई की भूमि को कृषि व आवासीय भूमि में तब्दील करना और एक तरह की फसल पैदा करने के बढ़ते चलन से भूमि की सेहत बिगड़ी है। कुछ ऐसी ही वजहों के चलते बर्फीली वादियों से लेकर घने वनों वाले क्षेत्र भी फैलते रेगिस्तान की गिरफ्त में आ गए हैं।

### 23 दिसम्बर किसान दिवस पर विशेष

जिस हरित क्रांति के बूते पंजाब को भारत का अनाज के अटूट भंडार का दर्जा हासिल हुआ था, वही पंजाब आज रासायनिक खादों का बेतहाशा उपयोग करने के कारण बड़ी तादात में अपनी कृषि भूमि बरवाद कर चुका है। देश के कुल कृषि क्षेत्र का 1.5 प्रतिशत भाग पंजाब के हिस्से में है। जबकि देश में कीटनाशकों की कुल खपत का 18 फीसदी उपयोग पंजाब के किसान करते हैं। इसी तरह पंजाब के मालवा क्षेत्र का कपास क्षेत्र पूरे पंजाब का केवल 15 फीसदी है, जबकि यहां पंजाब के कुल कीटनाशकों की खपत 70 फीसदी है। पंजाब के मालवा का क्षेत्र देश के कुल भू-भाग का मात्र 0.5 भाग है, जबकि यहां देश में कुल खपत होने वाले कीटनाशकों की 10 फीसदी खपत होती है। जिस भांखड़ा नांगल बांध को हम पंजाब की उन्नत खेती का आधार मानते हैं, इस बांध से जल रिसाब के चलते पंजाब की अब तक ढ़ाई लाख हेक्टेयर कृषि भूमि दलदल में बदल चुकी है। यही नहीं कीटनाषकों और रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते इस्तेमाल ने यहां कैंसर की बीमारी को बड़ी आबादी में परोस दिया है।

कृषि के आधुनिकीकरण व यांत्रिकीकरण ने भी भूमि की सेहत को बिगाड़ने का काम किया है। इस बाबत ग्वालियर चंबल क्षेत्र में किए गए एक शोध के मुताबिक इस अंचल की भूमि में दो तरह के विकार पैदा हुए हैं। एक कृषि भूमि की सतह में दस सेंटीमीटर नीचे एक कठोर परत (हार्ड-लेयर) बन गई है। दूसरे, भू-गर्भ में करीब एक सौ मीटर की गहराई पर पानी से भरी रहने वाली जगह (पोर-स्पेस) रिक्त पड़ी है। क्षेत्रीय पर्यावरण में आए ये परिवर्तन भू-गर्भीय अथवा सतह पर भूकंप जैसी हलचल की वजह भी बन सकते हैं। डिस्कवरी चैनल द्वारा इस क्षेत्र में किए गए एक अध्ययन के प्रस्तुतीकरण ने भी दावा किया है कि चंबल व ग्वालियर अंचल में तेजी से रेगिस्तान का विस्तार हो रहा है।

इस अध्ययन से जुड़े वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा परंपरागत खेती को नकारने से हुआ। पहले हलों से खेतों की जुताई होती थी लेकिन अब हैरो, कल्टीवेटर और प्लाऊ जैसे उपकरणों से हो रही है। ये जमीन को आठ से बारह सेंटीमीटर तक गहरा जोत कर भूमि की ऊपरी परत को उधेड़ कर पलट देते हैं। नतीजतन मिट्टी सूख कर शुष्क होती जा रही है और वहीं इसके नीचे की परत कठोर। यह परत अब इतनी कठोर हो गई है कि खेतों की मिट्टी का आनुपातिक कुदरती जैविक समीकरण ही गड़बड़ा गया है।

इधर चंबल क्षेत्र में भूमि के लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण ने बीहड़ो के विस्तार का ऐसा भयावह सिलसिला जारी रखा हुआ है, जो गांव के गांव लीलता जा रहा है। इस अंचल के भिण्ड, मुरैना और श्योपुर जिलों में हर साल पन्द्रह सौ एकड़ भूमि बीहड़ में तब्दील हो रही है। इन जिलों की कुल भूमि का 25 फीसदी हिस्सा बीहड़ों का है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक चंबल नदी घाटी क्षेत्र में 3000 वर्ग किलोमीटर इलाके में बीहड़ों का विस्तार है। इन तीनों जिलों के क्षेत्र में जितनी भी छोटी-बड़ी नदियां बहती हैं, वे जैसे बीहड़ों के निर्माण के लिए अभिशप्त हैं। चंबल में 80 हजार, कुआंरी में 75, आसन में 2036, सीप में 1100, बैसाली में 1000, कूनों में 8072, पार्वती में 700, सांक में 2122 और सिंध में 2032 हेक्टेयर बीहड़ हैं। बीते दस सालों में करीब 45 प्रतिशत बीहड़ों में वृद्धि दर्ज की गई है। इन बीहड़ों का जिस गति से विस्तार हो रहा है, उसके मुताबिक 2050 तक 55 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि बीहड़ों में तब्दील हो जाएगी। नतीजतन करीब दो हजार आबाद गांव बीहड़ लील लेंगे। इन बीहड़ों का विस्तार एक बड़ी आबादी के लिए विस्थापन का संकट पैदा करेगा?

जमीन की सेहत अब प्राकृतिक कारणों की तुलना में मानव उत्सर्जित कारणों से ज्यादा बिगड़ रही है। पहले भूमि का उपयोग रहवास और कृषि कार्यों के लिए होता था, लेकिन अब औद्योगीकरण, शहरीकरण, बड़े बांध और बढ़ती आबादी के दबाव भी भूमि को संकट में डाल रहे हैं। जमीन का खनन करके जहां उसे छलनी बनाया जा रहा है, वहीं जंगलों का विनाश करके जमीन को बंजर बनाए जाने का सिलसिला जारी है। जमीन की सतह पर ज्यादा फसल उपजाने का दबाव है तो भू-गर्भ से जल, तेल व गैसों के अंधाधुंध दोहन के हालात भी भूमि पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। पंजाब और हरियाणा में सिंचाई के जो नलकूप जैसे आधुनिक संसाधन हरित क्रांति के उपाय साबित हुए थे, वही उपाय खेतों में पानी ज्यादा मात्रा में छोड़े जाने के कारण कृषि भूमि को क्षारीय भूमि में बदलने के कारक सिद्ध हो रहे हैं। दरअसल अलग-अलग क्षेत्रों में भूमि की सेहत अलग-अलग कारणों से प्रभावित हो रही है, जिसकी देशव्यापी पड़ताल अब तक नहीं हुई है। धरती की बिगड़ती इस सेहत को मानचित्र पर लाना जरुरी है।

## सूर्यकुमार और दुबे विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई के लिए दो मैच खेलेंगे



**मुंबई:** भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप चरण में मुंबई के आखिरी दो मैच में खेलेंगे। पीटीआई को मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक सूत्र ने बताया कि सूर्यकुमार और दुबे छह और आठ जनवरी को जयपुर में हिमाचल प्रदेश और पंजाब के खिलाफ होने वाले मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहेंगे। मुंबई ग्रुप सी में पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गोवा के साथ है। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के भी टूर्नामेंट के कुछ हिस्से के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद है। वह फिलहाल गैस्ट्राइटिस से उबर रहे हैं। अब सिर्फ एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में खेलने वाले रोहित शर्मा शुरुआती दो मुकाबलों (24 और 26 दिसंबर को सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ) के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 दिसम्बर, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष शुक्लपक्ष तृतीया, 12:11 तक, नक्षत्र : श्रावण, 30:59 तक, योग : व्याघात, 16:23 तक, सूर्योदय: 06:06, सूर्यास्त: 16:53, चन्द्रोदय : 08:43, चन्द्रास्त: 19:51, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 14:14 से 15:34

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के लिए मंगलवार का दिन शुभ रहने वाला है। आपको जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। सायंकाल के समय कोई रुका काम बनने की पूरी संभावना है।

**वृष :** आज का दिन वृषभ राशि वालों के लिए संतोष और शांति भरा रहने वाला है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में आपको सफलता मिलेगी। राहत भरा समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मिथुन :** आज के दिन आपको थोड़ा सतर्क रहना होगा। राशि स्वामी के षष्ठम भाव में होने किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का की संभावना नजर आ रही है।

**कर्क :** चंद्रमा सप्तम भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। कर्क राशि वालों को आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**सिंह :** राशि का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। ऐसे में आपके लिए आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको समाज में सम्मान दिलाएगी।

**कन्या :** राशि स्वामी बुध पराक्रम वृद्धि कर रहा हैं। ऐसे में आपको रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। आपकी कीर्ति में वृद्धि होगी।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर-परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। इस दौरान पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख भी आपको प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** आपकी राशि में मंगल-शनि योग अभी कुछ दिन और चलेगा। इसके फलस्वरूप कुछ आंतरिक विकार आपको परेशान कर सकते हैं। चलने-फिरने से परेशानी बढ़ सकती है।

**धनु :** धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है। आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करते नजर आएंगे। शासन और सत्ता पक्ष से निकटता का आपको लाभ भी मिलेगा।

**मकर :** आज मकर राशि के जातकों को पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास सफलता दिलाएंगे। माता-पिता का विशेष ध्यान रखना होगा।

**कुम्भ :** स्वास्थ्य के मामले में आज के दिन आपको थोड़ा सतर्क रहना होगा। आज आपको स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सावधान रहें और विवादों से दूर रहें।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए आज का दिन सकारात्मक बदलाव लाने वाला है। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। यात्रा के समय सावधानी बरतें।

समाज्ञा स्पोर्ट्स

## घरेलू महिला क्रिकेटरों और मैच अधिकारियों के वेतन में भारी वृद्धि



**नयी दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू क्रिकेट में समान वेतन संरचना की ओर कदम बढ़ते हुए महिला क्रिकेटरों और मैच अधिकारियों की मैच फीस दोगुनी से भी अधिक बढ़ा दी है। यह कदम भारत की पहली वनडे विश्व कप जीत के बाद उठाया गया है। इस वेतन वृद्धि को बोर्ड की शीर्ष परिषद ने मंजूरी दे दी है। संशोधित संरचना के अनुसार घरेलू टूर्नामेंटों में खेलने वाली सीनियर महिला क्रिकेटरों को अब प्रतिदिन 50,000 रुपये से 60,000 रुपये के बीच मिलेंगे, जो मौजूदा 20,000 रुपये (रिजर्व खिलाड़ियों के लिए 10,000 रुपये) प्रति मैच दिन से काफी अधिक है। सीनियर महिला घरेलू एक दिवसीय टूर्नामेंटों और बहुदिवसीय प्रतियोगिताओं में एकादश में शामिल खिलाड़ियों को प्रतिदिन 50,000 रुपये मिलेंगे, जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को इसकी आधी राशि यानी 25,000 रुपये प्रति दिन मिलेंगे। राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंटों में एकादश में शामिल खिलाड़ियों को प्रति मैच 25,000 रुपये मिलेंगे, जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को 12,500 रुपये मिलेंगे। बीसीसीआई के अधिकारियों के अनुसार कोई महिला क्रिकेटर पूरे सत्र के दौरान सभी प्रारूपों में खेलती है, तो वह 12 लाख से लेकर 14 लाख रुपये तक कमा सकती है। शीर्ष परिषद ने जूनियर महिला क्रिकेटरों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की है। अंडर-23 और अंडर-19 श्रेणियों की खिलाड़ियों (एकादश में शामिल) को प्रतिदिन 25,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा, जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को 12,500 रुपये मिलेंगे। अंपायर और मैच रेफरी सहित मैच अधिकारियों को भी इस तरह की बढोतरी का फायदा मिलेगा। घरेलू टूर्नामेंटों के लीग मैचों के लिए अंपायरों और मैच रेफरी के लिए प्रस्तावित आय प्रतिदिन 40,000 रुपये होगी। नॉकआउट मैचों के लिए प्रतिदिन का वेतन 50,000 रुपये से 60,000 रुपये के बीच होगा। यह मैच के महत्व और परिचालन आवश्यकताओं पर निर्भर करेगा। इस बढ़ोतरी के तहत रणजी ट्रॉफी लीग मैचों में अंपायरिंग करने वाले को अब प्रति मैच लगभग 1.60 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि नॉकआउट मैचों में उन्हें प्रति मैच 2.5 लाख रुपये से 3 लाख रुपये के बीच मिलेंगे।

## गिल, अभिषेक और अर्शदीप को पंजाब की विजय हजारे ट्रॉफी की टीम में मिली जगह




**चंडीगढ़ :** भारतीय टेस्ट एवं वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल, विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को 50 ओवर प्रारूप में खेले जाने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के लिए पंजाब की टीम में शामिल किया गया। यह चयन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के राष्ट्रीय वनडे चैंपियनशिप में अनिवार्य भागीदारी के निर्देश के अनुरूप है। गिल को टी20 विश्व कप के लिए घोषित भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। अभिषेक और अर्शदीप नियमित रूप से भारत के लिए टी20 मैच खेलते हैं। अर्शदीप को अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला की टीम में शामिल किया जाता है तो वह और गिल विजय हजारे ट्रॉफी में शुरुआती दो तीन मैचों के लिए ही उपलब्ध रहेंगे। अभिषेक कुछ अधिक मैचों में टीम का प्रतिनिधित्व कर सकते है। पंजाब को ग्रुप सी में प्रबल दावेदार मुंबई के साथ रखा गया है। टीम शुरुआती दो मैचों में महाराष्ट्र (24 दिसंबर) और छत्तीसगढ़ (26 दिसंबर) का सामना करेगी। मुंबई और पंजाब का मुकाबला आठ जनवरी को होगा और उस समय तक मुंबई के रोहित शर्मा और पंजाब के गिल दोनों ही उपलब्ध नहीं होंगे।

### फीफा पुरुष फुटबॉल रैंकिंग में स्पेन साल का अंत शीर्ष टीम के तौर पर करेगा

**ज्यूरिख:** स्पेन 2025 का अंत फीफा रैंकिंग में शीर्ष पुरुष फुटबॉल टीम के तौर पर करेगा। सोमवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में बहुत कम बदलाव हुए। पिछली रैंकिंग 19 नवंबर को जारी की गई थी। शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। स्पेन के बाद अर्जेंटीना, फ्रांस, इंग्लैंड, ब्राजील, पुर्तगाल, नीदरलैंड, बेल्जियम, जर्मनी और क्रोएशिया का नंबर आता है। स्पेन ने विश्व कप ग्रुप ई क्वालीफाइंग जीता और अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की सह मेजबानी में होने वाले 2026 टूर्नामेंट में ग्रुप एच में उरुग्वे, सऊदी अरब और केप वर्डे से भिड़ेगा।

## वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में हार के बाद संन्यास लेने पर विचार किया था: रोहित

**नयी दिल्ली:** भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि 2023 में खेले गए वनडे विश्व के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली दिल तोड़ने वाली हार के बाद उन्होंने संन्यास लेने पर विचार किया था क्योंकि उन्हें लगा कि ''इस खेल ने उनसे सब कुछ छीन लिया है।' भारत ने घरेलू मैदान पर खेले गए इस वनडे विश्व कप में रोहित की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन किया था तथा लगातार नौ मैच जीत कर फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन इस महत्वपूर्ण मैच में उसे पराजय का सामना करना पड़ा था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शतक लगाया था जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। रोहित ने मास्टर्स यूनियन के एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद मैं पूरी तरह से निराश हो गया था। मुझे ऐसा लगा कि मैं अब यह खेल नहीं खेलना चाहता क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया है और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ भी नहीं बचा है।'


## मोरक्को ने अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में कोमोरोस पर 2-0 की जीत से किया अभियान का आगाज

**रबात (मोरक्को):** अयूब अल काबी के शानदार बाइसाइकिल किक से किये गोल की मदद से मोरक्को ने 35वें 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' में अपने अभियान का आगाज रविवार को यहां कोमोरोस पर 2-0 की जीत के साथ किया। इस मैच के दौरान मोरक्को के युवराज (क्राउन प्रिंस) मौले हसन भी मौजूद थे। हसन ने मैच शुरू होने से पहले दोनों देशों के खिलाड़ियों से मुलाकात भी की। विश्व रैंकिंग में 108वें कोमोरोस ने टूर्नामेंट में जीत के प्रबल दावेदारों में से एक रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज टीम को कड़ी टक्कर दी। कोमोरोस के गोलकीपर यानिक पंडोर ने सोफियान रहीमी के शुरुआती पेनल्टी शॉट को भी बचा लिया। ब्राहिम डियाज ने हालांकि मैच के 55वें मिनट में गोल कर स्टेडियम में बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों में उत्साह भर दिया। इसके बाद अल काबी ने 74वें मिनट में 'ओवरहेड किक' से टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इस गोल के बाद युवराज हसन भी अपनी खुशी छिपा नहीं सके और तालियां बजाते हुए टीम का उत्साहवर्धन किया।

### श्रीलंका पर एक और बड़ी जीत हासिल करने उतरेगा भारत, फील्डिंग पर होगी निगाह

**विशाखापत्तनम:** पहले मैच में बड़ी जीत हासिल करने से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम जब श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मैदान पर उतरेगी तो वह फील्डिंग के स्तर को बेहतर करके अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। भारतीय टीम ने श्रीलंका को केवल छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया था लेकिन इस बीच उसकी फील्डिंग अपेक्षानुरूप नहीं रही और उसने कुछ कैच छोड़े।

## वर्ग पहेली नं. 3300



*बायें से दायें:-* 2) ख़रीददार, 4) कठिनाई, 6) विस्तीर्ण, 7) ग्राममुखिया, 9) एक मिठाई, 10) हैदराबाद में प्रसिद्ध स्मारक, 12) मख़मली, 13) पारंगत, 14) अपरिचित, 15) निशाना, 16) केवल, 17) शिशु, 20) रणक्षेत्र, 23) रेंगनेवाला जंतु, 24) प्रारब्ध, 25) चुनौती.

*ऊपर से नीचे:-* 1) खिन्न, 2) गाँव के चुने हुए प्रतिनिधियों की परिषद, 3) शायर, 4) पानी में रहनेवाले जीव-जंतु, 5) एक जगप्रसिद्ध मक़बरा, 8) अंतिम; अत्यधिक, 11) अनाड़ी, 12) इसलाम धर्मावलंबी, 13) परिवार, 14) प्रभाव, 16) एक रासायनिक विस्फोटक, 18) रेखा, 19) छल्ला; ठोस, 20) प्रत्येक, 21) चूक, 22) कारख़ाना.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भ | को | स | ना | ■ | प्र | या | स | ■ | स |
| व | ■ | वि | व | र | ण | ■ | म | ध्य | मा |
| दी | न | ता | ■ | हि | ■ | अं | क | ■ | प्ति |
| य | म | ■ | ग | त | ■ | द | क्ष | ता | ■ |
| ■ | क | ठो | र | ■ | न | र | ■ | दा | स |
| वे | ■ | ■ | मा | फ़ि | क्र | ■ | स | द | न |
| अ | नु | रा | ग | ■ | ली | ट | र | ■ | स |
| स | ■ | ज़ | र | दा | ■ | ■ | क | स | ना |
| र | दी | ■ | मी | न | न | य | ना | ■ | ते |

## सुडोकू-पहेली-3258

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 4 | | | 1 | | 9 |
| 4 | | | 2 | 1 | 6 | | | |
| 3 | | | | | 8 | | | |
| | 3 | | 6 | | | | | 7 |
| | | | | | 5 | | | 8 |
| | | | | | | 3 | | |
| 7 | | | | 6 | | | | |
| | 9 | 8 | | | | | 2 | |
| 6 | | 2 | 9 | 5 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3257 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 2 | 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 1 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 3 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 7 | 9 | 3 | 2 | 8 | 1 | 4 | 6 |

# तृणमूल से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने बनाई 'जनता उन्नयन पार्टी'

❑ 294 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है जनता उन्नयन पार्टी

❑ 7 उम्मीदवारों की घोषणा की, हुमायूं कबीर खुद दो सीटों से लड़ेंगे चुनाव

❑ तृणमूल व भाजपा विरोधी पार्टियों के गठबंधन की वकालत की

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले में गत छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने सोमवार को अपनी नई पार्टी का ऐलान कर दिया। कबीर ने अपनी पार्टी का नाम 'जनता उन्नयन पार्टी' रखा है। हुमायूं ने कहा कि वह जरूरत पड़ने पर राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में सभी 294 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। इस दिन, जिले के बेलडांगा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कबीर ने 10 उम्मीदवारों के नामों की भी घोषणा कर दी, जिन्हें उनकी नई पार्टी राज्य में 2026 के विधानसभा चुनाव में मैदान में उतारेगी। संयोगवश, इनमें दो उम्मीदवारों के नाम भी हुमायूं कबीर के हैं। भरतपुर के विधायक कबीर ने कहा कि वह मुर्शिदाबाद की दो सीटों, रेजिनगर और बेलडांगा से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। हुमायूं ने कहा कि उनकी पार्टी सिर्फ आम लोगों के विकास की बात करेगी। उसी आधार पर जनता उन्नयन पार्टी नाम रखा गया है। उन्नयन का मतलब विकास है।

**❑ पार्टी की राज्य समिति में 20 प्रतिशत हिंदू प्रतिनिधित्व का ऐलान**

हुमायूं ने कहा कि पार्टी की राज्य समिति में कुल 75 सदस्य होंगे, जिनमें 20 प्रतिशत हिंदू समुदाय से होंगे। मुस्लिम बहुल क्षेत्र में इसे एक सेक्युलर संदेश देने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने मुर्शिदाबाद सीट से हिंदू उम्मीदवार मनीषा पांडेय और कोलकाता की बालीगंज सीट से निशा चटर्जी को उम्मीदवार बनाए जाने का भी ऐलान किया, ताकि वे धर्मनिरपेक्ष छवि पेश



कर सकें। पार्टी का झंडा तृणमूल कांग्रेस और राष्ट्रीय ध्वज से मिलता-जुलता होगा। चुनाव चिह्न के तौर पर पहली पसंद 'टेबल', दूसरी 'जोड़ा गुलाब' और तीसरी 'नारियल का पेड़' बताई गई है। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही घोषणापत्र जारी करेंगे।

**❑ ममता को चुनौती, अभिषेक की प्रशंसा**

हुमायूं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरह मंच की एक छोर से दूसरी छोर जा-जाकर सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एक तरफ जहां ममता बनर्जी को चुनौती दी वहीं उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी की प्रशंसा की। कबीर ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में टीएमसी व भाजपा विरोधी पार्टियों के गठबंधन की वकालत की। उन्होंने कहा कि वह कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में भी सभा करेंगे।

**❑ ममता के आरएसएस से संबंध होने का लगाया आरोप**

आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत के बाबरी मस्जिद के निर्माण संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कबीर ने कहा कि वे संघ प्रमुख का सम्मान करते हैं, लेकिन बंगाल में अशांति फैलने के उनके आकलन से असहमत हैं। कबीर ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरएसएस से संबंध होने का आरोप लगाया और दावा किया कि उनके कार्यकाल में राज्य में आरएसएस की उपस्थिति बढ़ी है।

**❑ 100 सीटें जीतने का लक्ष्य**

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी 100 सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ चुनाव में उतर रही है। उम्मीदवारों में 70 प्रतिशत मुस्लिम और 30 प्रतिशत हिंदू उम्मीदवार होंगे। हुमायूं की नई पार्टी की अगली सभा चार जनवरी को जिले के डोमकल में और पांच जनवरी को हरिहरपारा में होगी। उन्होंने दावा किया है कि तृणमूल और आइएसएफ के कुल पांच हजार कार्यकर्ता और समर्थक उनकी पार्टी में शामिल होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ममता 30 दिसंबर को बांकुड़ा में करेंगी जनसभा

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसआईआर प्रक्रिया के बीच, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी साल के आखिर में एक राजनीतिक कार्यक्रम कर सकती हैं। राज्य सचिवालय के सूत्रों के अनुसार, अगर सब ठीक रहा, तो मुख्यमंत्री बनर्जी 30 दिसंबर को बांकुड़ा जिले के बड़जोड़ा कॉलेज मैदान में एक जनसभा करेंगी। यह इस साल राज्य में उनकी आखिरी राजनीतिक रैली होगी। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने अभी तक कन्फर्म नहीं किया है कि ममता बनर्जी बांकुड़ा ज़िले के अपने आने वाले दौरे के दौरान कोई प्रशासनिक बैठकें या सेशन करेंगी या नहीं। बांकुड़ा ज़िला तृणमूल कांग्रेस में इस बात को लेकर भी उत्सुकता है कि मुख्यमंत्री इस बैठक में क्या संदेश देंगी। ज़िला तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री बनर्जी के दौरे की तैयारियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं। पार्टी ने रैली में भारी भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा है।

### रखरखाव कार्य के चलते कुछ ट्रेनों का मार्ग बदला

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में जौग्राम और पल्ला रोड स्टेशनों के बीच फीडर वायरिंग का कार्य किया जाएगा। इस कारण 24 और 25 दिसंबर 2025 को 90-90 मिनट का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक रहेगा। इस दौरान कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग अस्थायी रूप से बदला गया है। 12370 देहरादून-हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस (22 और 23 दिसंबर से चलने वाली) तथा 15272 मुजफ्फरपुर-हावड़ा जनसाधारण एक्सप्रेस (23 दिसंबर से चलने वाली) को बर्द्धमान-बंडेल मार्ग से चलाया जाएगा। वहीं 15234 दरभंगा-कोलकाता मैथिली एक्सप्रेस (24 दिसंबर से चलने वाली) को बर्द्धमान-बंडेल-दमदम जंक्शन मार्ग से चलाया जाएगा, जिसका ठहराव बंडेल और नैहाटी में होगा। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की जानकारी लेने की अपील की है।

### 2030 तक 50 लाख भारतीय युवाओं को एआई और उभरती तकनीकों में प्रशिक्षित करेगा आईबीएम

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम ने 2030 तक भारत में 50 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा और क्वांटम कंप्यूटिंग में स्किल करने की प्रतिबद्धता की घोषणा की है। यह पहल आईबीएम स्किल्स बिल्ड के माध्यम से संचालित की जाएगी, जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार और समावेशी वर्कफोर्स तैयार करना है। कंपनी स्कूलों, विश्वविद्यालयों और स्किलिंग इकोसिस्टम के साथ मिलकर एआई शिक्षा का विस्तार करेगी। इस दौरान ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन जैसे संस्थानों के सहयोग से हैंड्स-ऑन लर्निंग, फैकल्टी ट्रेनिंग, करिकुलम इंटीग्रेशन, हैकाथॉन और इंटर्नशिप को बढ़ावा दिया जाएगा। आईबीएम के चेयरमैन और सीईओ अरविंद कृष्णा ने कहा कि भारत के पास एआई और क्वांटम में वैश्विक नेतृत्व की क्षमता है। यह निवेश युवाओं को नवाचार और आर्थिक विकास में भागीदार बनाने की दिशा में अहम कदम है।

# ममता बनर्जी एसआईआर के कारण हैं परेशान : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) के साथ हुई बैठक से संकेत मिलता है कि वह राज्य में निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से 'परेशान' हैं। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की आपत्तियों को जनता स्वीकार नहीं कर रही है। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा के बाहर पत्रकारों से कहा कि आज तृणमूल कांग्रेस के बीएलए के साथ बनर्जी की बैठक से यह स्पष्ट हो गया है कि वह एसआईआर प्रक्रिया से परेशान हैं। तृणमूल सरकार के दिन गिने-चुने



रह जाने का दावा करते हुए भाजपा विधायक ने कहा कि अप्रैल (2026) के चुनावों के बाद बनर्जी पूर्व मुख्यमंत्री बन जाएंगी। एसआईआर के लिए सूक्ष्म पर्यवेक्षकों (माइक्रो ऑब्जर्वर) को अन्य राज्यों से लाये जाने के बनर्जी के दावे पर शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि अगर वह यह साबित कर सकें कि 3,000 सूक्ष्म पर्यवेक्षकों में से एक भी अन्य राज्य से है, तो मैं जनता से माफी मांगूंगा। लेकिन अगर बनर्जी गलत साबित होती हैं, तो उन्हें भी माफी मांगनी चाहिए। ममता द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर किए गए हमले का जवाब देते हुए भाजपा नेता ने कहा कि वह इसलिए निशाना बना रहीं, क्योंकि वह किसी ऐसे अधिकारी को नहीं ढूंढ पाईं, जो निर्वाचन आयोग को गुमराह कर सके। उन्होंने कहा कि वह गृह मंत्री पर हमला कर रही हैं, जबकि निर्वाचन आयोग के संबंध में उनकी कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य सरकार से परामर्श किए बिना भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों को विशेष पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए जाने से बनर्जी नाखुश हैं।

**❑ 'हुमायूं कबीर की नई पार्टी का गठन को ममता की सोची-समझी रणनीति'**

शुभेंदु अधिकारी ने हुमायूं कबीर द्वारा नई राजनीतिक पार्टी (जनता उन्नयन पार्टी) की घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह पार्टी केवल भाजपा के वोटों को काटने और अल्पसंख्यकों के बीच भ्रम फैलाने के लिए बनाई गई है। शुभेंदु ने कहा कि हुमायूं कबीर का पार्टी से निलंबन और नई पार्टी बनाना महज एक नाटक है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से ममता बनर्जी और हुमायूं कबीर के बीच का 'गॉट-अप गेम' है ताकि हिंदू-मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण किया जा सके। शुभेंदु ने दावा किया कि हुमायूं कबीर को इसलिए मैदान में उतारा गया है ताकि वह मुर्शिदाबाद और मालदा जैसे इलाकों में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को रोक सकें और वोटों का बंटवारा कर सकें। शुभेंदु कहा कि बंगाल की जनता अब जागरूक है और वह जानती है कि जो नेता सुबह टीएमसी में होता है और शाम को नई पार्टी बनाता है, उसका असली मकसद क्या है।

## न्यूज अपडेट

### नौसेना की ताकत और बढ़ी, जीआरएसई ने सौंपा स्वदेशी युद्धपोत 'अंजदीप'



**कोलकाता, समाज्ञा :** रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को मजबूत करते हुए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने सोमवार को भारतीय नौसेना को अपना पांचवां युद्धपोत 'अंजदीप' सौंप दिया। एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट श्रृंखला का यह तीसरा जहाज है। पूर्वी नौसेना कमान के रियर एडमिरल गौतम मारवाहा (बीएसएम) ने इस युद्धपोत को आधिकारिक रूप से स्वीकार किया। अंजदीप जीआरएसई द्वारा निर्मित 115वां और नौसेना को दिया गया 77वां युद्धपोत है। जीआरएसई ने साल 2025 में रिकार्ड कायम करते हुए कुल पांच युद्धपोत नौसेना को समर्पित किए हैं। 'अंजदीप' से पहले इसी वर्ष एडवांस्ड गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'हिमगिरी', दो एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (अर्नला और अंद्रोथ) और सर्वे वेसल 'इक्षक' सौंपे जा चुके हैं। किसी भी भारतीय शिपयार्ड द्वारा एक ही वर्ष में पांच युद्धपोत सौंपना एक दुर्लभ और ऐतिहासिक उपलब्धि है। विशेष बात यह है कि 'अंद्रोथ' की डिलीवरी के चार महीने के भीतर ही 'अंजदीप' को तैयार कर नौसेना को सौंप दिया गया, जो जीआरएसई की बेहतरीन निर्माण क्षमता को दर्शाता है।

### श्री श्याम मन्दिर आलमबाजार में 2000 कम्बल वितरण



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री श्याम मंदिर आलमबाजार में हर साल की भांति इस साल 24वां वार्षिक कम्बल वितरण रविवार को मंदिर में आयोजित हुआ। शीत पड़ने से कम्बल लेने वाले लोगों की संख्या भी ज्यादा रही। फलस्वरूप लगभग 2000 जरूरतमंद लोगों में कम्बल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रो. सौगत राय (सांसद), ओम जालान (ट्रस्टी), सुमन जालान, विजय अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, रमेश सोभासरिया, अशोक प्रसाद, मुरारी लाल अग्रवाल, बालकृष्ण अग्रवाल, पप्पू चौधरी, पृथा मुखर्जी, नीलू गुप्ता बतौर विशेष अतिथि मंचासीन मौजूद थे। मंदिर के प्रबंध न्यासी गोविन्द मुरारी अग्रवाल ने सभी अतिथियों का अभिनन्दन एवं स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजपाल गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, गोपाल जालान, जितेन्द्र राय, सीमा शर्मा, रितु शर्मा, मोनू भावसिंहका, गणेश अग्रवाल, बालमुकुन्द अग्रवाल, प्रवीण केजरीवाल, जितेन्द्र आर्य, सुकेन चक्रवर्ती, श्याम अग्रवाल, नरेश दारुका, भवानी शंकर अग्रवाल आदि सक्रिय थे।

## लग्नजीता चक्रवर्ती से उत्पीड़न मामले में आरोपी को 4 दिन की पुलिस हिरासत

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के भगवानपुर के साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में बंगाली गायिका लग्नजीता चक्रवर्ती से उत्पीड़न के आरोप में स्कूल के सह मालिक महबूब मलिक को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को आरोपी को कांथी सब-डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने उसके लिए सात दिन की हिरासत मांगी थी। हालांकि, मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने चार दिन की हिरासत का आदेश दिया। हालांकि, आरोपी पर सिर्फ परेशान करने के अलावा, उसके खिलाफ सिंगर पर हमला करने, छेड़छाड़ करने और जान से मारने की कोशिश करने का भी केस दर्ज किया गया है।

**तृणमूल ने आरोपित से पार्टी का संबंध होने से किया इनकार**

दूसरी तरफ, मामले में आरोपी व्यक्ति को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को अपना रुख साफ किया। पार्टी ने कहा कि आरोपित का तृणमूल कांग्रेस से कोई भी संबंध नहीं है और इस घटना को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। भगवानपुर एक ब्लॉक तृणमूल अध्यक्ष रॉबिन मंडल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति किसी भी तरह से तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी जान-बूझकर इस घटना का राजनीतिकरण कर रही है। रॉबिन मंडल ने कहा कि पार्टी की छवि खराब करने के उद्देश्य से झूठे दावे किए जा रहे हैं।

## क्रिसमस पर मेट्रो यात्रियों को राहत, 25 दिसंबर को विशेष सेवाएं चलाएगा

**कोलकाता :** क्रिसमस के अवसर पर मेट्रो यात्रियों के लिए खुशखबरी है। 25 दिसंबर 2025 (गुरुवार) को कोलकाता मेट्रो ने ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन में विशेष सेवाएं चलाने का फैसला किया है। इस दिन मेट्रो सेवाएं देर रात तक उपलब्ध रहेंगी, जिससे यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

**❑ ब्लू लाइन में देर रात तक मेट्रो सेवा**

■ ब्लू लाइन में 25 दिसंबर को आखिरी मेट्रो शहीद खुदीराम स्टेशन से रात 22:30 बजे और दक्षिणेश्वर से रात 22:23 बजे रवाना होगी। इस दिन ब्लू लाइन में कुल 224 सेवाएं (112 अप और 112 डाउन) चलाई जाएंगी।



■ मेट्रो सेवाएं सुबह 6:50 बजे से शुरू होंगी। दोपहर 14:40 बजे से रात 20:30 बजे तक मेट्रो हर 7 मिनट के अंतराल पर चलेगी।

■ इसके अलावा, जय हिंद विमानबंदर से शहीद खुदीराम के लिए नोआपाड़ा होते हुए दो सीधी मेट्रो सेवाएं पूर्ववत उपलब्ध रहेंगी।

**❑ ग्रीन लाइन में 201 सेवाएं**

■ ग्रीन लाइन में 25 दिसंबर को कुल 201 सेवाएं (101 अप और 100 डाउन) चलाई जाएंगी। मेट्रो सेवा सुबह 6:39 बजे से रात 22:20 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस कॉरिडोर में 16:25 बजे से 20:30 बजे तक मेट्रो हर 6 मिनट के अंतराल पर चलेगी।

■ यात्रियों की सुविधा के लिए हावड़ा मैदान से सेंट्रल पार्क के बीच रात 22:20 बजे एक अतिरिक्त मेट्रो सेवा भी चलाई जाएगी।

**❑ अन्य लाइनों में सामान्य सेवा**

■ इस दिन येलो लाइन, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन में मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होंगी।

मेट्रो रेलवे के इस फैसले से क्रिसमस के दिन शहरवासियों और पर्यटकों को यात्रा में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### बड़ाबाजार युवक संघ ने आयोजित किया 9वां रक्तदान शिविर व लिट्टी-चोखा महोत्सव



**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार युवक संघ (बड़तल्ला स्ट्रीट) ने 9वें रक्तदान शिविर के साथ लिट्टी-चोखा महोत्सव का भव्य आयोजन बड़तल्ला स्ट्रीट के संगम स्थल पर किया। इस पहल में 80 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, जिसमें महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। शिविर का उद्घाटन पार्षद संतोष पाठक ने किया, जबकि अतिथियों का स्वागत कमेटी के चेयरमैन मनोज चांदगोठिया ने किया। हजारों लोगों ने स्वादिष्ट लिट्टी-चोखा का आनंद उठाया, जो बिहारी संस्कृति की झलक पेश करता रहा। कार्यक्रम में पार्षद विजय ओझा, संजय बक्शी (पूर्व विधायक), पार्षद महेश शर्मा, विजय उपाध्याय, मीना देवी पुरोहित, राजेश सिन्हा, भारत के प्रसिद्ध बाल कलाकार अरिहंत बाबू, कामाख्या नारायण सिंह, महेश सोनी, चंद्रकांत सराफ (कमेटी अध्यक्ष), रोहित पाठक, विवेक सोनकर, डॉ. गोविंद राजगढ़िया, डॉ. एस.के. सोंथालिया, डॉ. अशोक सिंह, भोला यादव, सादाब खान, परवेज खान, मो. सरफराज, सुभाष सिंह, पवन बंसल, विकास यादव, अशोक तिवारी, हरि सोनी, दीपक सिंह, संजय सिंह, नरेश चौधरी, दिलीप सोनकर, छबीलाल सोनकर, लक्ष्मण चंद सोनकर, संजू बर्मन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में आकाश माली, मुकेश सोनकर, राहुल महतो, प्रदीप सराफ, अनिल लखोठिया, आलोक झुनझुनवाला, विक्रम सोनकर, जितेंद्र जैन, मंजीत सोनकर, महेंद्र सोनकर, प्रदीप तोदी, राजू सिंह, राजेंद्र सोनकर, नवीन सराफ, कमल गुप्ता, हरि नारायण दुबे, निशा सोनकर, विजयलक्ष्मी सोनकर, सुमित गुप्ता, पंकज सराफ का मुख्य योगदान रहा। मुख्य आयोजनकर्ता पंकज सोनकर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का अद्भुत उदाहरण: हावड़ा मंडल ने एक ही ट्रैफिक ब्लॉक में तीन बड़े रेलवे पुलों का सफल प्रतिस्थापन किया

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने अपनी उत्कृष्ट इंजीनियरिंग क्षमता और बेहतरीन अंतर-विभागीय समन्वय का परिचय देते हुए एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा उपलब्धि हासिल की है। मंडल ने रविवार को एक ही निर्धारित ट्रैफिक ब्लॉक के भीतर तीन महत्वपूर्ण रेलवे पुलों के प्लेट गर्डरों का सफलतापूर्वक प्रतिस्थापन कर रिकॉर्ड बनाया। यह कार्य रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण साहिबगंज लूप के सैंथिया-नलहाटी खंड में संपन्न हुआ, जो मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों दोनों के लिए अत्यंत अहम रेल मार्ग है। इस जटिल और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण कार्य की योजना हावड़ा मंडल की ब्रिज यूनिट द्वारा अत्यंत सावधानीपूर्वक बनाई गई और सभी संबंधित विभागों के घनिष्ठ सहयोग से इसे अंजाम दिया गया। पूरे कार्य को सात घंटे (11:30 से 18:30 बजे तक) के स्वीकृत ट्रैफिक ब्लॉक के भीतर सुरक्षित और सुचारु रूप से



पूरा किया गया, जो उच्च स्तर की तकनीकी दक्षता, सटीकता और टीमवर्क को दर्शाता है।ब्रिज संख्या 141 (डाउन लाइन) पर पुराने प्लेट गर्डरों को हटाकर 25 टन एक्सल लोड क्षमता वाले नए वेल्डेड प्लेट गर्डर लगाए गए। यह कार्य दो 350 टन क्षमता वाले क्रेनों की सहायता से निर्धारित समय के भीतर सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इसी प्रकार, ब्रिज संख्या 143 (डाउन लाइन) पर भी पुराने प्लेट गर्डरों को 25 टन एक्सल लोड के अनुकूल नए वेल्डेड प्लेट गर्डरों से बदला गया। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए एक 500 टन और एक 350 टन क्षमता वाले क्रेन का उपयोग किया गया, जिससे सुरक्षा और सटीकता सुनिश्चित की गई। ब्रिज संख्या 171 (डाउन लाइन) पर भी पुराने प्लेट गर्डरों को हटाकर नए वेल्डेड प्लेट गर्डर लगाए गए। यह कार्य एक 350 टन क्रेन की मदद से सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए समय पर पूरा किया गया। एक ही ट्रैफिक ब्लॉक में तीन प्रमुख पुलों के प्रतिस्थापन का यह सफल अभियान हावड़ा मंडल की बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, परिचालन सुरक्षा को सुदृढ़ करने और भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भार वहन क्षमता बढ़ाने की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

## धर्म नैतिक जीवन जीने में मार्गदर्शक है

**कोलकाता :** माथुरवैश्य भवन में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ मंगल कलश यात्रा, शुकदेव जी पूजन एवम् प्रमुख यजमान मिथिलेश गुप्ता एवम् यजमानों द्वारा व्यास पीठ, भागवत पूजन से भक्तिमय वातावरण में हुआ। राधारमण, राधारमण... भक्ति भजनों की प्रस्तुति एवम् भक्तिमय वातावरण में श्रीधाम, वृंदावन से पधारे श्री भगवान भईया जी ने श्रोताओं को भाव - विभोर करते हुए कहा महाभारत युद्ध में निःशस्त्र भगवान श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में पाण्डव की जीत हुई। धर्म का पालन करते हुए मन और बुद्धि को भगवान के चरणों में समर्पित कर शरणागत होने की प्रेरणा देते हुए कहा धर्म एक मार्गदर्शक सिद्धांत है जो हमें सही और नैतिक जीवन जीने में मार्गदर्शक है, धर्म समाज व व्यक्ति के उत्थान में सहायक है। जबकि अधर्म सत्मार्ग से भटकना है। धर्म की पहचान कर्म से होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि आत्मा सदैव अमर है, अपना मन हमेशा कार्य पर लगाओं, इसके परिणाम - फल पर



नहीं। आयोजक माथुरवैश्य इंटरनेशनल के अध्यक्ष अमित गुप्ता, सचिव प्रवीण गुप्ता, जयराज, रजनीश (पारोलिया), अजय (फिरपो), रोहित (लाला), महेश, अमित, दीपक, सुनील, राजू, सुभाष, संतोष, मुन्ना, रूपेश, अभय एवम् कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालु भक्तों का स्वागत किया। राधे - राधे भक्तिमय वातावरण में प्रमुख अतिथि धर्मानुरागी, समाजसेवी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, श्री माथुरवैश्य जनहित परिषद के अध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता, सचिव राजीव गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता (कपूरवाले) एवम् सैकड़ों श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो गये।

## पिता-पुत्र की हत्या के मामले में 13 दोषी करार, आज होगा सजा का ऐलान

**वक्फ अधिनियम के विरोध में भड़की हिंसा में की गई थी हत्या**

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद ज़िले की एक ज़िला अदालत ने सोमवार को 13 लोगों को हर-गोबिंदो दास और उनके बेटे चंदन दास की हत्या के मामले में दोषी ठहराया। यह हत्या अप्रैल में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध प्रदर्शनों के दौरान सांप्रदायिक दंगे जैसी स्थिति में हुई थी। मुर्शिदाबाद के जंगीपुर की ज़िला अदालत मंगलवार को इन 13 दोषियों को सज़ा सुनाएगी। पिता और बेटे की 12 अप्रैल को हुई हत्या के लगभग नौ महीने बाद सज़ा सुनाई जाएगी। राज्य पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने अभी दोषी ठहराए गए 13 लोगों को एक-एक करके गिरफ्तार किया था। इस साल की शुरुआत में, एसआईटी ने इस मामले में 900 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में बताया गया था कि पिता और बेटे की हत्या तब हुई जब वे गांव में दंगे रोकने की कोशिश कर रहे थे। एसआईटी ने इस हमले को पहले से प्लान किया हुआ भी बताया। मृतक पिता और बेटे के परिवार वालों ने तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के मुआवज़े के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। हालांकि, उन्होंने विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी द्वारा दिए गए मुआवजे को स्वीकार कर लिया।

## उत्कृष्ट कार्य और सुरक्षा के प्रति समर्पण के लिए हावड़ा मंडल के रेलकर्मियों को सम्मान

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने रेल परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अपने कर्मियों को सम्मानित कर उनकी सतर्कता, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता को सराहा है। इन रेलकर्मियों की समय पर की गई कार्रवाई और सजगता से संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सका, जिससे यात्रियों और रेलवे संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। रेल सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में रामपुरहाट (आरपीएच) में कार्यरत एसएसई/सी एंड डब्ल्यू प्रियाशीष कुमार चंद्रा का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। उन्होंने हावड़ा मंडल में 27 हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचएबीडी) की सफल स्थापना की। यह आधुनिक प्रणाली सभी प्रकार के रोलिंग स्टॉक के बेयरिंग तापमान की लगातार निगरानी करती है और किसी भी असामान्यता की स्थिति में तुरंत



चेतावनी देती है। इसके माध्यम से ब्रेक बाइंडिंग, बेयरिंग फेलियर और संभावित पटरी से उतरने जैसी घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है, जिससे मंडल में रेल सुरक्षा का स्तर और अधिक मजबूत हुआ है। गंगाटीकुरी स्टेशन पर पॉइंट्समैन-बी विवेक कुमार ने असाधारण सतर्कता का परिचय देते हुए एसकेबी वेल्डिंग में दरार का पता लगाया। उन्होंने तुरंत स्टेशन प्रबंधक को सूचित किया, जिससे समय रहते सुधारात्मक कदम उठाए जा सके और एक संभावित दुर्घटना टल गई। इसी तरह 31 अक्टूबर को पाकुड़ (पीकेआर) में वैगन की नियमित जांच के दौरान टेक्नीशियन-खख अमन कुमार और टेक्नीशियन-खख कौसलेन्द्र पासवान ने सीबीसी में असामान्य खिंचाव महसूस किया। जांच में वैगन का फ्रंट सीबीसी टूटा हुआ पाया गया। दोनों कर्मचारियों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी अनहोनी को रोका जा सका। इन सभी कर्मियों को रविवार को न्यू डीआरएम बिल्डिंग स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित सुरक्षा बैठक के दौरान मंडलीय रेल प्रबंधक (डीआरएम), हावड़ा, विशाल कपूर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी भी उप-स्थित थे। डीआरएम ने कर्मचारियों की सजगता, तत्परता और रेल सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मी ही सुरक्षित और विश्वसनीय रेल संचालन की मजबूत नींव हैं।

### श्रीरामपुर में पथश्री योजना के प्रचार के लिए टैब्लो वैन को हरी झंडी



**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर के एसडीओ शंभूद्विप सरकार ने डीएमडीसी अजय बोस के साथ आज श्रीरामपुर कोर्ट परिसर से पथश्री योजना के प्रचार के लिए एक टैब्लो वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह टैब्लो वैन श्रीरामपुर सब-डिवीजन के अंतर्गत आने वाले 6 नगरपालिका क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। प्रशासन की ओर से बताया गया कि यह जागरूकता अभियान दो दिनों तक, यानी 22 और 23 दिसंबर 2025 को चलेगा। इस पहल का उद्देश्य आम लोगों को राज्य सरकार की पथश्री योजना के बारे में जानकारी देना और सड़क निर्माण व रखरखाव से जुड़ी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारी और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# एसआईआर प्रक्रिया के दौरान काम के दबाव को लेकर बीएलओ ने सीईओ कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

**❑ बीएलओ और पुलिस के बीच हुई हाथापाई, स्थिति तनावपूर्ण**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थित बीएलओ अधिकार रक्षा समिति से संबद्ध लगभग 400 प्रदर्शनकारियों ने बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) पर काम के दबाव को लेकर सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया तथा पुलिस से उनकी झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अवरोधक पर चढ़ने और सीईओ कार्यालय के मुख्य द्वार की ओर बढ़ने की कोशिश की।



हालांकि, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किये गए थे। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान राज्य में बीएलओ पर कथित तौर पर काम का दबाव बढ़ने और दिशानिर्देशों में बार-बार होने वाले बदलावों को लेकर प्रदर्शनकारी सीईओ मनोज अग्रवाल को अपनी शिकायतें देना चाहते थे। पुलिस कर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका, जिसके चलते झड़प हुई और कुछ प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश में पुलिस का एक अधिकारी घायल हो गया, जबकि प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एक महिला प्रदर्शनकारी से पुलिस ने मारपीट की। प्रदर्शनकारियों में से एक स्वप्ना मंडल ने कहा कि हर दिन नए नियम और दिशानिर्देश जारी किए जा रहे हैं। हमने गणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण को पूरा करने के लिए रात भर काम किया। अब प्रपत्र छह और प्रपत्र सात के अनुलग्नकों से संबंधित नए नियम लागू किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाना होगा क्योंकि अगले साल की परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव नहीं किया जा सकता। हमारे स्कूल प्रबंधन ने हमें एसआईआर प्रक्रिया के लिए कोई छूट नहीं दी है। आयोग अपने कर्मचारियों को इस काम के लिए नियुक्त क्यूं नहीं कर सकता?

## हाई कोर्ट ने स्वर्ण व्यापारी हत्या के आरोपी बीडीओ की जमानत की खारिज, निचली अदालत की आलोचना

**प्रशांत बर्मन को 72 घंटे के अंदर बिधाननगर कोर्ट में आत्मसमर्पण करने का आदेश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को साल्टलेक के दत्ताबाद इलाके में सोने के व्यापारी स्वपन कामिल्या की हत्या के आरोपी राजगंज ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (बीडीओ) प्रशांत बर्मन की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस तीर्थंकर घोष ने बर्मन को 72 घंटे के अंदर बिधाननगर कोर्ट में सरेंडर करने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने पिछले महीने अग्रिम जमानत देने के लिए बारासात कोर्ट की आलोचना भी की, और कहा कि निचली अदालत ने अहम सबूतों को नजरअंदाज किया और हत्या के मामले में जरूरी बातों पर ध्यान नहीं दिया। यह आदेश



बिधाननगर पुलिस द्वारा पहले के जमानत फैसले को चुनौती देने के बाद आया। उल्लेखनीय है कि कामिल्या को 28 अक्टूबर को दत्ताबाद में एक सोने की दुकान से नीली बत्ती वाली कार में किडनैप किया गया था, जिसका कथित तौर पर सरकारी इस्तेमाल से संबंध था। बाद में, उनका शव न्यूटाउन के जात्रागाछी में मिला। पुलिस ने किडनैपिंग और हत्या का मामला दर्ज किया, और पीड़ित के परिवार ने बर्मन पर अपराध की साजिश रचने का आरोप लगाया। जांचकर्ताओं ने बीडीओ के कई साथियों को गिरफ्तार किया है और शव को ठिकाने लगाने के लिए इस्तेमाल किए गए सरकारी वाहन को जब्त कर लिया है। बर्मन ने आरोपों से इनकार किया था और पिछले महीने बारासात कोर्ट से अग्रिम जमानत हासिल कर ली थी, जिसे बिधाननगर सब-डिविजनल कोर्ट में औपचारिक रूप दिया गया था। हाई कोर्ट के फैसले ने अब उस फैसले को पलट दिया है, जिससे आरोपी पर सरेंडर के आदेश का पालन करने का दबाव बढ़ गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### जारी हुआ 'टॉप 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2025' का तीसरा संस्करण

**कोलकाता :** आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट बैंकिंग और हुरुन इंडिया ने 'आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट एंड हुरुन इंडिया टॉप 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2025' का तीसरा संस्करण लॉन्च किया। इसमें उन 200 सबसे ज्यादा मूल्य वाली कंपनियों को शामिल किया गया है, जिनकी स्थापना वर्ष 2000 के बाद हुई है। कंपनियों की रैंकिंग उनके मूल्य के आधार पर की गई है, जिसमें सूचीबद्ध कंपनियों के लिए मार्केट कैपिटलाइज़ेशन और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के लिए वैल्यूएशन को आधार माना गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में हेड- वेल्थ मैनेजमेंट और प्राइवेट बैंकिंग, विकास शर्मा ने कहा, आंत्रप्रेन्योरशिप के क्षेत्र में भारत ने दुनियाभर के प्रमुख देशों में से एक के रूप में पहचान बनाई है। 'आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट एंड हुरुन इंडिया टॉप 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2025' का तीसरा संस्करण भारत की स्टार्टअप और आंत्रप्रेन्योरशिप यात्रा को मनाने का एक और मौका है।

### वीवो की स्विचऑफ़ 2025 कैंपेन परिवारों को फिर से खुशी भरे डिनर के पलों की ओर लौटने के लिए प्रेरित करती है

**नई दिल्ली/कोलकाता :** वीवो इंडिया अपनी स्विचऑफ़ कैंपेन का सातवाँ संस्करण लॉन्च कर रहा है, जो हर भारतीय घर के इमोशनल सेण्टर, यानी डाइनिंग टेबल तक यह संदेश पहुँचाता है। वीवो इंडिया के हेड ऑफ कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी, गीताज़ चन्नाना ने कहा, हर परिवार को वह समय याद है जब डिनर दिन का सबसे सुखद ठहराव हुआ करता था, जब बिना किसी रुकावट के बातचीत होती थी और हर किसी की बात सुनी जाती थी। आज ये पल चुपचाप खो जाते हैं, इसलिए नहीं कि हमें परवाह नहीं है, बल्कि इसलिए कि हमारा ध्यान लगातार बँटता रहता है। स्विचऑफ़ कैंपेन लोगों को यह याद दिलाने के लिए बनाई गई है कि रिश्तों को पूरा ध्यान चाहिए।

### हिन्दुस्तान ज़िंक ने की वित्त वर्ष 2025 में 1 लाख गीगाजूल से अधिक एनर्जी की बचत

**उदयपुर/कोलकाता :** इंटीग्रेटेड ज़िंक प्रोड्यूसर, हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड, ने क्लाइमेट एक्शन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए वित्त वर्ष 25 में 1 लाख गीगाजूल से अधिक एनर्जी की बचत की। नेशनल एनर्जी कंर्जवेशन डे के अवसर पर राजस्थान में सचांलित ऑपरेशंस में कंपनी के ग्रीनहाउस गैस एमिशन में 20,000 टन कार्बन एमिशन से अधिक की कमी की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कंपनी लगातार एनर्जी-एफिशिएंसी और डीकार्बोना-इजेशन प्रयासों पर बल दे रही है। हिन्दुस्तान ज़िंक के सीईओ, अरुण मिश्रा ने कहा कि हमारी यात्रा एक आसान लेकिन मजबूत विश्वास से चलती है, कि भविष्य की खदानें सिर्फ इस बात से तय नहीं होंगी कि हम क्या बनाते हैं, बल्कि इस बात से तय होंगी कि हम इसे कितनी जिम्मेदारी और समझदारी से बनाते हैं।

## मेस्सी के कार्यक्रम में हुए विवाद को लेकर दायर तीन जनहित याचिकाओं पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पिछले हफ्ते सॉल्टलेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान हुई गड़बड़ी को लेकर दायर तीन जनहित याचिकाओं की सुनवाई सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में समाप्त हो गई। बता दें कि याचिकाकर्ताओं ने इस घटना की केंद्रीय एजेंसियों से जांच कराने के साथ-साथ दर्शकों को टिकट की कीमत लौटाने की मांग की है। मामले में पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पहले, इस दिन, मामले की सुनवाई राज्य सरकार के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष यह तर्क दिया कि राज्य ने टिकटों की बिक्री नहीं की थी, और यह एक निजी कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम था। उन्होंने दावा किया कि बिधाननगर पुलिस आयुक्त कार्यालय द्वारा जांच पूरी गंभीरता से की जा रही है और अदालत के समक्ष कहा कि इस घटना के संबंध में राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को कारण बताओ पत्र जारी किया गया है। इस गड़बड़ी के सिलसिले में कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी के मालिक सताद्रु दत्ता को उस दिन के कार्यक्रम के तुरंत बाद, 14 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया गया था। दत्ता के वकील ने न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन सहित खंडपीठ के समक्ष यह तर्क दिया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि मेस्सी के चारों ओर जमा होकर दर्शकों के देखने में बाधा उत्पन्न करने वाले इतने सारे लोग मैदान में कैसे प्रवेश कर गए, क्योंकि प्रवेश बिंदुओं की जिम्मेदारी पुलिस के पास थी। उन्होंने आगे कहा कि फुटबॉल के दिग्गज के कार्यक्रम हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में भी हुए थे और सभी सुचारू रूप से संपन्न हुए थे। याचिकाकर्ताओं में से एक विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के वकील बिलवादल भट्टाचार्य ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन के स्रोत पर सवाल उठाया और अदालत से एक सक्षम केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच का आदेश देने की प्रार्थना की। एक अन्य याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित जांच समिति न्यायिक आयोग नहीं है और यह एक सामान्य प्रशासनिक समिति है। राज्य के वकील ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटना के तुरंत बाद इस गड़बड़ी पर खेद व्यक्त किया था और उनकी सरकार ने उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश और प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों वाली एक समिति का गठन किया था।

## सलकिया में फ्लैट से व्यक्ति का शव बरामद, दो नाबालिग को लिया गया हिरासत में

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के सलकिया इलाके में सोमवार की सुबह एक आवासीय फ्लैट से एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। घटना सलकिया 66 नंबर कैवर्त पाड़ा स्थित एक आवासीय मकान की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस दिन, सुबह में एक फ्लैट से तेज चीख-पुकार की आवाज सुनाई दी। पड़ोसियों ने दरवाजे पर जाकर खटखटाया तो अचानक सब शांत हो गया। इसके बाद, संदेह होने पर उन्होंने मालिपांचघड़ा थाना को सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बंद फ्लैट का दरवाजा खोलकर अंदर से एक व्यक्ति का शव बरामद किया। उसी समय फ्लैट में मौजूद दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृत व्यक्ति की पहचान



देवव्रत पाल (48) के रूप में हुई है। उनकी पत्नी का पांच साल पहले निधन हो चुका था। वह इसी फ्लैट में अपनी वृद्ध मां और बेटी के साथ रहते थे। हालांकि, रविवार की रात घर में मां और बेटी मौजूद नहीं थीं। देवव्रत पाल के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और हिरासत में लिए गए दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है।

## न्यूज अपडेट

### गीता सार पुस्तक वितरण से सनातन चेतना का जागरण



**कोलकाता :** गीता पाठ के संयोजक कमल सिंह जी के नेतृत्व में पिछले 12 दिनों से लगातार हजारों की संख्या में गीता सार पुस्तकों के वितरण का व्यापक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सनातनी समाज को जागरूक करना, हिंदुत्व को सशक्त बनाना तथा सभी सनातनियों को एकजुट करना है। इसी क्रम में जारी जागरूकता अभियान के तहत आज दिनांक 22 दिसंबर 2025 को भूतनाथ मंदिर परिसर में लगभग 2000 लोगों के बीच गीता सार पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में युवा नेता मदन झा, शक्ति सिन्हा, कनिष्क पांडे, विशाल साव, मोनू सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही नारी शक्ति के रूप में रूपा कुंडू, बंदना कुंडू, परमिता जायसवाल, किरण जायसवाल, सपना जी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में राजेश झा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश समाज को सही मार्ग दिखाने वाला है और इस प्रकार के आयोजन सनातन संस्कृति, संस्कार और एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उपस्थित श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

### जलंगी नदी से अज्ञात व्यक्ति का तैरता शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के चापड़ा के हाथीशाला में जलंगी नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का तैरता शव बरामद किया गया। पता चला है कि सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों ने हाथीशाला माठपाड़ा में जलंगी नदी में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ देखा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची चापड़ा थाने की पुलिस ने शव बरामद किया। लेकिन, अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि शव किसका था। शव कैसे तैरा, इसे लेकर भी असमंजस की स्थिति है। दूसरी ओर, शव बरामद होने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### संदेशखाली गवाह दुर्घटना मामला : ट्रक चालक अलीम मोल्ला गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली मामले से जुड़े एक गवाह की सड़क हादसे में मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। इस मामले में आरोपित ट्रक चालक अलीम मोल्ला को सोमवार के तड़के गिरफ्तार कर लिया गया। यह हादसा सत्यमजीत घोष की मौत से जुड़ा है, जो निलंबित तृणमूल नेता शेख शाहजहां के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले के प्रमुख गवाह भोला घोष के छोटे बेटे थे। दक्षिण बंगाल के आईजी सुप्रतिम सरकार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि उसे दुर्घटना के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ कर ये पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि इसके पीछे क्या कुछ वजह रही है। सरकार के अनुसार, अलीम मोल्ला को जिले के एक गुप्त ठिकाने से सुबह के समय पकड़ा गया। हालांकि, पुलिस ने गिरफ्तारी की सटीक जगह को लेकर कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। आरोपित को सोमवार को उत्तर 24 परगना जिला अदालत में पेश किया गया। बता दें कि इस मामले में अब तक यह पांचवीं गिरफ्तारी है। साथ ही, यह उन दस लोगों में से दूसरा आरोपित है, जिनके नाम भोला घोष ने इसी महीने नाजात थाना में दर्ज कराई गई शिकायत में बताए थे। इससे पहले गिरफ्तार किए गए तीन लोगों के नाम भोला घोष की शिकायत में शामिल नहीं थे।

### फ्लिपकार्ट और एनसीवीईटी ने भारत में मानकीकृत कौशल प्रशिक्षण के लिए किया समझौता

**कोलकाता, समाज्ञा :** फ्लिपकार्ट ने नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (एनसीवीईटी) के साथ साझेदारी की है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए उद्योग आधारित, मानकीकृत और मान्यताप्राप्त कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस समझौते के तहत फ्लिपकार्ट स्किल इंडिया मिशन के अनुरूप प्रशिक्षण, आकलन और सर्टिफिकेशन का संचालन करेगा। इससे प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्य सर्टिफिकेशन प्राप्त होगा, जो डिजीलॉकर में सुरक्षित रखा जा सकेगा। एमएसडीई की सचिव एवं एनसीवीईटी की चेयरपर्सन देबाश्री मुखर्जी ने कहा कि यह साझेदारी भारत में उद्योग केंद्रित कौशल विकास को मजबूत करेगी और दीर्घकालिक रोजगार और करियर विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। फ्लिपकार्ट के चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने बताया कि यह पहल देशभर में नौकरी के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण करेगी और ई-कॉमर्स एवं लॉजिस्टिक्स सेक्टर की दक्षता बढ़ाएगी।

### जगद्दल फायरिंग मामले में अर्जुन सिंह को अग्रिम जमानत, जांच में सहयोग का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** जगद्दल फायरिंग मामले में भाजपा नेता अर्जुन सिंह को राहत मिली है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली है। हालांकि, उन्हें एक तय समय पर घटना के आईओ से मिलना होगा। जस्टिस जय सेनगुप्ता की बेंच ने जांच में सहयोग करने का भी आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि इस साल मार्च में जगद्दल में मेघना मिल के मजदूरों में अशांति हो रही थी। खबर मिलने के बाद, वार्ड 18 के पार्षद के बेटे नमित सिंह वहां गए। फिर, अशांति बढ़ गई, और आरोप है कि फायरिंग हुई। इस अशांति के बारे में बैरकपुर के पूर्व भाजपा सांसद अर्जुन सिंह ने दावा किया कि वह रात में मजदूर भवन में थे। अचानक उन्हें 2 राउंड गोलियों की आवाज सुनाई दी। वह तुरंत कुछ लोगों के साथ बाहर निकले और मेघना मोड़ पर गए। अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया कि हमले का निशाना वह थे। दोनों पक्षों के बीच हुई बहस में भागने की कोशिश में एक युवक घायल हो गया। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। हंगामे की खबर मिलने के बाद जगद्दल पुलिस मौके पर पहुंची, घायल युवक को बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद, अर्जुन सिंह को मेघना मोड़ फायरिंग के बारे में पूछताछ के लिए दो बार थाने बुलाया गया। लेकिन, वह एक बार भी थाने नहीं गए। इसके बाद, जगद्दल थाने की पुलिस मजदूर भवन गई। अर्जुन सिंह से पूछताछ की गई। इससे भाजपा नेता बहुत परेशान थे। अर्जुन सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक चिट्ठी लिखी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस उन्हें बार-बार झूठे केस में परेशान कर रही है। इसके बाद, शुक्रवार की सुबह अर्जुन सिंह को बुलाया गया और थाने को नोटिस भेजा गया। बाद में, अर्जुन ने कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दी। कोर्ट ने वह अर्जी मंजूर कर ली।

## महेशतला में मालवाहक ट्रक की टक्कर से ऐप कैब ड्राइवर की मौत, एक महिला घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला में खालपोल गेट के पास मालवाहक ट्रक की टक्कर से एक ऐप कैब ड्राइवर की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, सोमवार की सुबह एक महिला रैपिडो पर सवार होकर बाटानगर से कोलकाता की ओर जा रही थी। तभी, खालपोल गेट के पास रैपिडो गाड़ी का कंट्रोल खो गया और वह नहर की रेलिंग से टकरा गई और रैपिडो ड्राइवर गाड़ी से गिरकर सड़क पर गिर गया। तभी, पीछे से तेज गति में आ रहे एक मालवाहक ट्रक ने ड्राइवर को कुचल दिया। ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, रैपिडो में बैठी महिला को गंभीर हालत में स्थानीय लोगों ने बचाया और इलाज के लिए स्थानीय निजी अस्पताल ले गए। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे कोलकाता के अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। सूचना मिलने पर महेशतला ट्रैफिक गार्ड की पुलिस और जिंजीरा बाजार जांच सेंटर के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात को काबू में किया। पुलिस ने बाइक को बरामद कर थाने ले गई है। इसके अलावा, पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर हत्यारे गाड़ी और ड्राइवर की तलाश कर रही है। मृतक रैपिडो ड्राइवर का नाम और पहचान अभी पता नहीं चली है। घायल महिला का नाम स्वागता चटर्जी है, जो नुंगी धर्मतला, बाटानगर की निवासी है। वह पेशे से डॉक्टर है।

## सड़क हादसे में तीन की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**हुगली:** जिले के चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट अंतर्गत भद्रेश्वर थाना क्षेत्र के गेट बाजार स्थित श्यामनगर जूट मिल इलाके के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में दो युवक चंदननगर के कपालिपाड़ा और लीचुतला इलाके के निवासी बताए गए हैं, जबकि तीसरे मृतक का घर चांपदानी के एंगस इलाके में बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही भद्रेश्वर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। बाद में इलाज के दौरान एक अन्य युवक की भी मौत हो गई। स्थानीय लोगों और पुलिस सूत्रों के अनुसार, दो अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर कुल चार लोग सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और भद्रेश्वर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## चुंचुड़ा में घर में आग लगने से अफरातफरी

**हुगली:** जिले के चुंचुड़ा में एक घर में आग लगने की घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई। यह घटना हुगली-चुंचुड़ा नगरपालिका के वार्ड नंबर 10 अंतर्गत मित्र बागान इलाके में घटी, जहां एक बुजुर्ग महिला के घर में अचानक आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। घर की मालकिन 80 वर्षीय माया पाल हैं। वर्तमान में इस घर में बुजुर्ग महिला और उनकी एक नौकरानी रहती हैं। आज सुबह नौकरानी ने फ्रिज की ओर से काला धुआं निकलते देखा, जिसके बाद उन्होंने तुरंत स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग बेकाबू होती देख दमकल विभाग को खबर दी गई। दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।स्थानीय निवासियों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। त्वरित कार्रवाई से बुज़ुर्ग महिला का घर सुरक्षित बच गया।

## योग्य शिक्षा कर्मियों की स्कूलों में वापसी की मांग पर फिर शिक्षा कर्मी सड़कों पर उतरे

**❑ प्रदर्शनकारियों ने करुणामयी से निकाला मार्च, पुलिस के साथ हुई हाथापाई**

**कोलकाता, समाज्ञा :** योग्य शिक्षा कर्मियों की स्कूलों में वापसी की मांग पर फिर शिक्षा कर्मी सड़कों पर उतर आए। सोमवार को उन्होंने साल्टलेक के करुणामयी से विकास भवन तक मार्च निकाला। यह मार्च योग ग्रुप सी, ग्रुप डी अधिकार मंच ने आयोजित किया था। शिक्षा कर्मियों ने यह मार्च मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से योग्य ग्रुप सी और ग्रुप डी अधिकार मंच की नौकरियों को बहाल करने के लिए दखल देने की मांग को लेकर निकाला। हालांकि, पुलिस ने जुलूस शुरू होने के बाद ही रोक दिया और कहा कि उनके पास ऐसे जुलूस की अनुमति नहीं है। इसलिए, उनके जुलूस को विकास भवन तक नहीं जाने दिया जाएगा।




इधर, जुलूस रोके जाने पर शिक्षा कर्मियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। प्रदर्शकारियों का पुलिस से हाथापाई भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु योग्य ग्रुप सी और ग्रुप डी शिक्षा कर्मियों की नौकरियों को बहाल करने के लिए तुरंत दखल दें। इसके साथ ही, योग्य ग्रुप सी और ग्रुप डी शिक्षा कर्मी जिन्हें नौ महीने से सैलरी नहीं मिली है, उन्हें तुरंत नौकरी पर वापस रखा जाए और उनकी सैलरी मिलनी शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि जब तक योग्य ग्रुप सी और ग्रुप डी शिक्षा कर्मियों के अधिकार उन्हें वापस नहीं मिल जाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### आस्था की अनवरत यात्राः

## हावड़ा से खाटू धाम तक पंचम डाक निशान का 25 दिसंबर को होगा भव्य प्रस्थान

**11 दिन, बिना रुके-निशान की विशेष पहचान**

**हावड़ा :** हावड़ा (कोलकाता) से राजस्थान स्थित श्री श्याम मंदिर खाटू धाम तक आस्था, श्रद्धा और विश्वास की प्रतीक पंचम डाक निशान यात्रा का शुभारंभ इस वर्ष 25 दिसंबर को होगा। यह पवित्र यात्रा राम दरबार, राघव रेजीडेंसी (साउथ हावड़ा) से आरंभ होकर 05 जनवरी 2026 को खाटू धाम पहुंचेगी। इस डाक निशान यात्रा का आयोजन एक निशान श्याम के नाम संस्था द्वारा किया जा रहा है। यह इस श्रृंखला की पांचवीं यात्रा होगी। यात्रा के उपलक्ष्य में 24 दिसंबर को भव्य कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व यह निशान 2019 में पहली बार खाटू धाम पहुंचा था, इसके बाद 2022, 2023, 2024 में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और अब 2025-26 में पंचम डाक निशान के रूप में निकल रहा है।

डाक निशान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह कहीं भी रुकता नहीं, सीधा खाटू श्याम बाबा के दरबार में ही विश्राम करता है। लगभग 11 दिनों में यह यात्रा पूर्ण होती है। शुरुआत में 70-75 श्रद्धालु इस पदयात्रा में शामिल होंगे, , लेकिन कोलकाता से राजस्थान तक के मार्ग में हजारों-लाखों भक्त इस यात्रा से जुड़ते चले जाते हैं। इस पावन यात्रा को बंगाल, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के प्रशासन का पूरा सहयोग मिलता है। उल्लेखनीय है कि साउथ हावड़ा की राघव रेजीडेंसी से यह यात्रा पहली बार निकाली जा रही है, जो स्थानीय निवासियों के लिए विशेष गर्व का विषय है।

मुकेश गोयल ने बताया कि



श्याम बाबा को निशान अर्पित करना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि अटूट आस्था है। उन्होंने कहा, हम जहां रहते हैं, वहीं से बाबा के लिए निशान लेकर चलते हैं। इसका उद्देश्य यही है कि हर व्यक्ति की अरदास श्याम बाबा तक पहुंचे और लोगों में यह भावना जागृत हो कि हर कोई अपने घर से निशान लेकर बाबा तक पहुंच सकता है। जब निशान यात्रा प्रारंभ होती है, तो श्रद्धालुओं में अद्भुत उत्साह देखने को मिलता है। लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार कुछ दूरी या पूरी यात्रा पैदल चलकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

सदस्य रवि शंकर पांडेय ने जानकारी दी कि इस यात्रा की शुरुआत पहली बार मुकेश गोयल और कृष्णा अग्रवाल ने पैदल की थी, तब यह यात्रा 55 दिनों में पूरी हुई थी। उन्होंने कहा, इस यात्रा की खास बात यही है कि लोग बदलते रहते हैं, जुड़ते रहते हैं, लेकिन निशान कभी नहीं रुकता-वह निरंतर चलता रहता है। इस आयोजन में सदस्य मुकेश गोयल, मनोज अग्रवाल, विकास मंढाव-ावाला, रवि शंकर पांडेय, अनिल पोद्दार, नितिन संघई, नगेंद्र अग्रवाल, कमल अग्रवाल और राजेंद्र शर्मा शामिल है।

## गंगासागर में जनसैलाब की आशंका, 2026 मेले में रिकॉर्ड भीड़ संभालने को प्रशासन युद्धस्तर पर तैयार

**गंगासागर :** क्या 2026 का गंगासागर मेला अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा? जिला प्रशासन कुछ इसी ओर इशारा कर रहे हैं। आगामी 8 जनवरी से शुरू होने वाले गंगासागर मेले में इस बार भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए राज्य सरकार और प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्य के सिंचाई मंत्री मानस रंजन भुइयां ने कचुबेरिया से कपिलमुनि आश्रम तक मैराथन दौरा किया।



**प्रशासनिक तैयारी और ड्रेजिंग ऑपरेशन:**

पुण्यार्थियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने में सबसे बड़ी चुनौती मुरीगंगा नदी की नौवहन क्षमता है। मंत्री ने बताया कि लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से नदी में ड्रेजिंग का काम तेज़ी से चल रहा है। उद्देश्य स्पष्ट है-ज्वार-भाटे की बाधा को दूर कर 24 घंटे वेसल सेवा सुचारु रखना। निरीक्षण के दौरान जीबीडीए के चेयरमैन सीमांत कुमार माली, सागर ब्लॉक के बीडीओ कनैया कुमार राव तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कचुबेरिया और गंगासागर प्वाइंट पर अस्थायी जेटी और अन्य बुनियादी ढांचे का जायज़ा लेकर मंत्री ने कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

**आधुनिक तकनीक से कड़ी निगरानी:**

भीड़ नियंत्रण के लिए इस बार तकनीक पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मेले के पूरे क्षेत्र में-

- ड्रोन के जरिए हवाई निगरानी,
- हजारों सीसीटीवी कैमरे,
- अतिरिक्त बफर जोन और
- विशाल क्षेत्र में यात्री निवास की व्यवस्था की जा रही है।

**प्रशासन का लक्ष्य:**

सिंचाई मंत्री मानस रंजन भुइयां ने कहा, इस वर्ष कुंभ मेला नहीं होने के कारण गंगासागर में रिकॉर्ड भीड़ की संभावना है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर पुण्यार्थियों की सुरक्षा और सुविधा में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

'सब तीर्थ बार-बार, गंगासागर एक बार'-इस कहावत को साकार करने के लिए प्रशासन का मूल मंत्र है सुरक्षित और सुव्यवस्थित मेला।

# कोडीन कफ सिरप से उत्तर प्रदेश में एक भी मौत नहीं : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे द्वारा लगाए गए नकली दवाओं और कोडीन सिरप के सेवन से हुई 'मौतों' के आरोपों को नकारते हुए कहा कि अभी तक ऐसा कोई मामला राज्य सरकार के संज्ञान में नहीं आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिरप को अवैध तरीके से अन्य स्थानों पर भेजने के मामलों पर स्वापक ओषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि कोडीन सिरप मामले में शामिल सबसे बड़े थोक विक्रेता को विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने 2016 में पहली बार गिरफ्तार किया था, उसे सपा सरकार के सत्ता में रहने के दौरान लाइसेंस जारी किया गया था। उन्होंने सार्वजनिक रूप से प्रसारित हो रही तस्वीरों का हवाला देते हुए कहा, जब भी राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे मुद्दे उठते हैं, कुछ लोग तुरंत देश छोड़कर भाग जाते हैं। मुझे लगता है कि आपके लोगों के साथ भी ऐसा ही हो रहा होगा। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष द्वारा उठाए गए इस मुद्दे का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मामला राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रतीत होता है। उन्होंने कहा, 'जब कोई मुद्दा बेवजह उठाया जाता है, तो 'चोर की दाढ़ी में तिनका' वाली कहावत याद आ जाती है।' मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश में आज तक नकली दवाओं से मौत का एक भी मामला दर्ज नहीं हुआ है।' साथ ही उन्होंने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियां सतर्क रहती हैं। आदित्यनाथ ने कहा, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) समय-समय पर छापेमारी करता है और दोषी कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करता है।



## कांग्रेस ने आपातकाल 'थोपकर' संविधान का गला दबाने का कार्य किया : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि जब राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के शताब्दी महोत्सव का अवसर आया तब कांग्रेस ने देश के अंदर आपातकाल 'थोपकर' संविधान का गला दबाने का कार्य किया। योगी ने शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सदन में वंदे मातरम पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा, वंदे मातरम का सम्मान न केवल एक भावनात्मक अभिव्यक्ति है, बल्कि अपने संवैधानिक मूल्यों के प्रति राष्ट्रीय कर्तव्यों का बोध भी हम सबको कराता है। उन्होंने कहा, यह राष्ट्र की आत्मा, संघर्ष और संकल्प का भी प्रतीक है। जब वंदे मातरम अपनी रजत जयंती मना रहा था तब देश में ब्रिटिश हुकूमत थी। योगी ने कहा, वंदे मातरम की रचना उस समय हुई थी, जब भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद बौखलाया हुआ ब्रिटिश हुकूमत दमन और अत्याचार की पराकाष्ठा पर पहुंच गया था और भारतीयों को यातनाएं दी जा रही थीं।

## राजस्थान में मादक पदार्थ बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़, 100 करोड़ रुपये की प्रतिबंधित सामग्री जब्त

**ठाणे:** महाराष्ट्र पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ ने राजस्थान के झुंझुनू में 'मेफेड्रोन' बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ करके लगभग 100 करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिबंधित सामग्री, रसायन और उपकरण जब्त किए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को मीरा भयंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस की मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) द्वारा छापा करने के बाद मादक पदार्थों की फैक्टरी से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। यह अभियान चार अक्टूबर को एएनसी टीम द्वारा खुफिया जानकारी के आधार पर की गई तलाशी के बाद शुरू किया गया था। ठाणे जिले में प्रारंभिक अभियान के दौरान एक करोड़ रुपये मूल्य का 501.6 ग्राम मादक पदार्थ (मेफेड्रोन), आठ मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। एमबीवीवी के पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इसके बाद छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पति की हत्या कर शव के टुकड़े करने के आरोप में पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पुलिस ने हथौड़े व लोहे की छड़ से पति की हत्या कर शव के टुकड़े को उसे अलग-अलग स्थानों पर फेंकने के आरोप में पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) केके बिश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रूबी और उसके प्रेमी गौरव के रूप में हुई है, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, चंदौसी इलाके के मोहल्ला चुन्नी की रहने वाली रूबी ने 18 नवंबर को पति राहुल (38) के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने ईदगाह इलाके के पास एक नाले से एक क्षत-विक्षत शव बरामद किया लेकिन सिर, हाथ और पैर गायब थे। अधिकारी ने बताया, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया। फोरेंसिक टीम ने विस्तृत जांच की और डीएनए नमूने लिए गए।

### गाय के बछड़े से कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में पुलिस ने गाय के एक बछड़े से कुकर्म करने के आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुबहड़ थाना क्षेत्र के निवासी मंटू राजभर की तहरीर पर सोमवार को सवरू बांध गांव के रहने वाले 44 वर्षीय पिंटू राजभर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, पिंटू ने मंटू राजभर के बछड़े को अपने साथ ले गया था। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से बछड़े को बरामद कर लिया।

### मां के बगल में सो रहे बच्चे को उठा ले गया भेड़िया, क्षत-विक्षत शव बरामद

**बहराइच:** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में सोमवार सुबह एक भेड़िया घर में घुसकर मां के बगल में सो रहे तीन साल के एक बच्चे को कथित तौर पर उठा ले गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाद में तलाश करने पर एक खेत में बच्चे का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। प्रभागीय वन अधिकारी राम सिंह यादव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सोमवार तड़के करीब साढ़े चार बजे रसूलपुर दरेटा गांव में घर के बरामदे में अपनी मां के साथ सो रहे अंश (तीन) को भेड़िया कथित तौर पर उठा ले गया।

## अरावली पर्वतमाला में किसी भी तरह की छेड़खानी नहीं होने दी जाएगी: मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अरावली पर्वतमाला के लिए '100 मीटर' के मापदंड को लेकर जारी विवाद के बीच सोमवार को कहा कि इस पर्वतमाला में किसी भी तरह की छेड़खानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने झालावाड़ जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार अरावली पर्वतमाला के संरक्षण के लिए संकल्पित है। शर्मा ने कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा, सोशल मीडिया मंचों पर 'सेव अरावली' अभियान व डीपी फोटो बदलने से काम नहीं चलता है। काम चलता है दृढ़ इच्छा शक्ति से, काम चलता है काम करने से... इस तरह से मत बरगलाइए। हम किसी भी तरह से अरावली के साथ छेड़छाड़ नहीं होने देंगे। किसी तरह का खनन नहीं होने देंगे, ये हम आपको विश्वास दिलाते हैं। कांग्रेस की राजस्थान इकाई के कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अरावली पर्वतमाला की सुरक्षा की मांग को लेकर सोमवार को राज्य के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन किया। शर्मा, राज्य सरकार के दो साल पूरे होने पर झालावाड़ के दुधालिया में महिला सशक्तीकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे देश की आधी आबादी महिलाओं के सशक्तीकरण से ही देश का विकास संभव है। महिला हमारे परिवार का आधार है और राष्ट्र निर्माण की सच्ची शिल्पकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में महिला शक्ति अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और हमारी सरकार भी महिला उत्थान के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा, महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। वे केवल घर ही नहीं संभालती, बल्कि देश-प्रदेश को सशक्त करने में भी अपना अमूल्य योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 'डबल इंजन' की सरकार ने पूरे प्रदेश में महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कदम उठाए हैं।



## घने कोहरे के बीच भिड़ीं मोटरसाइकिलें, दो लड़कों की मौत

**कानपुर:** उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक कोल्ड स्टोरेज के पास घने कोहरे के बीच दो मोटरसाइकिलों की जोरदार टक्कर में दो नाबालिगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा अरौल थाना क्षेत्र के पिहानी गांव के पास 21 व 22 दिसंबर की दरमियानी रात को हुआ। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान पिहानी गांव के रहने वाले ऋतिक चतुर्वेदी (17) और रौनक उर्फ बॉबी (16) के रूप में हुई है।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के लिए आधार आधारित निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण शुरू

**पटना:** बिहार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के लिए सोमवार को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से आधार आधारित निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण सेवा की शुरुआत की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजन, विधवा महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए कुल छह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के अंतर्गत जून 2025 से पेंशन राशि बढ़ाकर 1100 रुपए प्रति माह कर दी गई है। समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सटीक और भरोसेमंद बनाने की दिशा में आधार आधारित निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण प्रक्रिया की शुरुआत की गयी है। उन्होंने बताया कि यह पहल आवश्यक है ताकि पेंशन का लाभ वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुंच सके। बंदना ने बताया कि जिन पेंशनधारियों की मृत्यु हो चुकी है, उनके नाम पेंशन सूची से हटाना भी आवश्यक है क्योंकि पेंशन केवल जीवित पात्र व्यक्तियों को ही देय है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से जीवन प्रमाणीकरण के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर भौतिक सत्यापन की व्यवस्था भी की जाएगी। सचिव ने बताया कि अगर कोई पेंशनधारी अत्यधिक वृद्ध, अस्वस्थ या दिव्यांग होने के कारण सीएससी केंद्र तक आने में असमर्थ है तो विभाग की टीम पंचायत स्तर पर सामुदायिक भवनों में शिविर लगाकर अथवा उनके घर जाकर जीवन प्रमाणीकरण कराएगी ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी केवल शारीरिक असमर्थता के कारण पेंशन से वंचित न रह जाए।



## बिहार में अपराधों में आई उल्लेखनीय कमी: गृह विभाग

**पटना:** बिहार के गृह विभाग ने कहा है कि राज्य में पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष आपराधिक वारदातों, विशेषकर संगीन अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार हत्या, डकैती और दंगा जैसे गंभीर अपराधों में दो अंकों तक गिरावट दर्ज की गई है, जो कानून-व्यवस्था के लिहाज से एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। गृह विभाग के अनुसार, हत्या के मामलों में 7.72 प्रतिशत, डकैती के मामलों में 24.87 प्रतिशत और दंगा से जुड़े मामलों में 17.97 प्रतिशत की कमी आई है। महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर बिहार में 37.50 रही है, जो राष्ट्रीय औसत 66.20 से काफी कम है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2023 के आंकड़ों के अनुसार यह राष्ट्रीय औसत से लगभग आधी है। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अपराध की दर बिहार में 8.50 रही, जबकि राष्ट्रीय औसत 12.40 है। इन मामलों में आरोप पत्र दाखिल करने की दर 87.90 प्रतिशत दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 25 कुख्यात अपराधियों के खिलाफ निरुद्ध आदेश पारित किए गए हैं। चौधरी ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति के मामलों में 1,419 अपराधियों को चिह्नित किया गया है, जिनमें से 405 मामलों में प्रस्ताव न्यायालय को भेजे गए हैं। 70 मामलों में संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया जारी है, जबकि तीन मामलों में कुर्की के आदेश पारित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी से नवंबर के बीच 12 लाख 50 हजार लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई और 3 लाख 81 हजार से अधिक लोगों से मुचलके भरवाए गए।

## न्यूज अपडेट

### धनबाद में उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार




**धनबाद (झारखंड):** धनबाद जिले में उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। धनबाद पुलिस अधीक्षक (शहर) ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि 23 से 33 वर्ष की आयु के आरोपियों ने साइबर धोखाधड़ी करने की बात कबूल कर ली है और तीनों राज्यों के विभिन्न जिलों में उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान उत्तर प्रदेश के नोएडा से सूरज चौहान (29) और साहिल खान (28), बिहार के रोहतास से बीकू साव (26) और झारखंड से पिंटू कुमार मंडल (23) और बसंत कुमार मंडल (33) के रूप में हुई है। पुलिस ने 16 अलग-अलग सिम कार्ड वाले 10 मोबाइल फोन, 38 एटीएम कार्ड, 6,000 रुपये नकद, एक एसयूवी और फिंगरप्रिंट क्लोनिंग में इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं बरामद कीं। डीएसपी नौशाद आलम के नेतृत्व में एक विशेष दल ने रविवार देर रात छापा मारा और धनबाद जिले के बैंक मोर थाना क्षेत्र के एक होटल से आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### अदालत की अहम फाइलें चुराने के आरोप में बिहार के अधिवक्ता पर मामला दर्ज

**मोतिहारी:** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में अदालत की सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज कथित तौर पर चुराने को लेकर एक अधिवक्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मामला अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (एसीजेएम) द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर दर्ज किया गया है। मोतिहारी सदर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) दिलीप कुमार ने बताया कि यह मामला 16 दिसंबर को एसीजेएम-1 मोतिहारी प्रसेनजीत सिंह के आवेदन पर दर्ज किया गया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, एसीजेएम से आवेदन मिलने के तुरंत बाद मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना एक सेवानिवृत्त आयकर अधिकारी से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान हुई। संबंधित अधिकारी अदालत में प्रस्तुत करने के लिए कई दस्तावेज लेकर आए थे। इन दस्तावेजों से भरा एक बैग एसीजेएम-1 की मेज पर रखा गया था। आरोप है कि अधिवक्ता सुभानी हसन ने उस बैग के अंदर से करीब 200 पन्नों का एक बंडल चुरा लिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई।

### फर्जी ट्रस्ट के जरिये नौकरी दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, संचालक समेत चार लोग गिरफ्तार

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में पुलिस ने एक फर्जी ट्रस्ट बनाकर नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का सोमवार को भंडाफोड़ किया और संचालक व प्रबंधक सहित चार जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि गिरोह ने बलिया और गोरखपुर जिले में नौकरी दिलाने के नाम पर 130 से अधिक लोगों से ठगी की तथा प्रति व्यक्ति एक से डेढ़ लाख रुपये वसूले थे। गुप्ता ने बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली निभा वर्मा की महिला की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316-2 (आपराधिक विश्वासघात), 319-2 (आपराधिक धोखाधड़ी), 318-4 (धोखाधड़ी), 338 (वसीयत की जालसाजी), 336-3 (जालसाजी), 340-2 (जाली दस्तावेज़ या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड बनाना और उसे असली के रूप में उपयोग करना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना), 351-3 (आपराधिक धमकी) और 61-2 (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बिहार: कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन का पहला पटना दौरा, रोड शो की तैयारी

**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन मंगलवार को पहली बार दिल्ली से पटना आ रहे हैं। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। नवीन के स्वागत के लिए पटना के मिलर स्कूल मैदान में समारोह का आयोजन किया जा रहा है जबकि हवाई अड्डे से लेकर मिलर स्कूल मैदान तक रोड शो किया जाएगा। रोड शो के मद्देनजर जिला प्रशासन ने पटना के बेली रोड की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। पटना यातायात पुलिस और जिला प्रशासन ने राजधानी के प्रमुख इलाकों में यातायात नियंत्रण को लेकर विशेष निर्णय लिए हैं।



## व्रत - त्यौहार

**23.12.2025 : वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत**
**25.12.2025 : बड़ा दिन**
**पं. मदनमोहन मालवीय जयंती**
**27.12.2025 : गुरु गोविंद सिंह जयंती**

# धार्मिक दृष्टि से कैसा होना चाहिए साल का पहला दिन?

नया साल सिर्फ कैलेंडर बदलने के लिए नहीं है, बल्कि यह जीवन को एक नई दिशा देने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का अवसर होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, साल का पहला दिन जैसा बिताया जाता है, पूरे साल उसी का प्रभाव बना रहता है। ऐसे में अगर 1 जनवरी 2026 को सही पूजा-पाठ, संयम और शुभ कार्यों के साथ बिताया जाए, तो पूरा साल सुख, शांति और समृद्धि से भरा रहता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि धार्मिक दृष्टि से साल 2026 के पहले दिन की शुरुआत सुबह से लेकर रात तक कैसे करनी चाहिए।

### सुबह की शुरुआत ऐसे करें

नए साल के पहले दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठना बेहद शुभ माना जाता है। उठते ही सबसे पहले ईश्वर का स्मरण करें और मन ही मन नए वर्ष के लिए कृतज्ञता व्यक्त करें। इसके बाद स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। स्नान के पानी में थोड़ा सा गंगाजल मिलाना विशेष फलदायी माना जाता है। घर के मंदिर या पूजा स्थल की साफ-सफाई करके दीपक जलाएं और भगवान सूर्य को जल अर्पित करें। सूर्य को अर्घ्य देने से आत्मविश्वास, स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



### पूजा-पाठ और संकल्प

सुबह के समय भगवान गणेश, लक्ष्मी और विष्णु जी की पूजा करनी चाहिए। इस बार नए साल पर प्रदोष व्रत भी पड़ रहा है। ऐसे में इस दिन शिव जी की अलाधना का भी बड़ा महत्व रहेगा। इसके साथ ही ॐ नमः शिवाय या ॐ गं गणपतये नमः मंत्र का जाप करें। नए साल के पहले दिन एक छोटा सा संकल्प जरूर लें, जैसे सत्य के मार्ग पर चलना, नियमित पूजा करना या किसी बुरी आदत को छोड़ना। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, साल के पहले दिन लिया गया संकल्प पूरे वर्ष व्यक्ति को सही राह पर बनाए रखता है।

### दान और शुभ कार्य

दोपहर के समय जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र या धन का दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। दान करने से ग्रह दोष शांत होते हैं और घर में लक्ष्मी का वास बना रहता है। इस दिन किसी गरीब या बुजुर्ग का आशीर्वाद लेना भी विशेष फल देता है। ध्यान रखें कि दान हमेशा श्रद्धा और विनम्रता के साथ करें।

दिन का व्यवहार कैसा हो

नए साल के पहले दिन वाणी और व्यवहार पर विशेष संयम रखना चाहिए। किसी से झगड़ा, कटु शब्द या नकारात्मक सोच से बचें। धार्मिक दृष्टि से यह माना जाता है कि साल के पहले दिन किया गया व्यवहार पूरे वर्ष दोहराया जाता है। इसलिए प्रेम, शांति और सहयोग की भावना रखें।

### शाम और रात का रुटीन

शाम के समय घर में दीपक जलाएं और तुलसी के पौधे के पास दीपदान करें। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। रात को सोने से पहले भगवान का धन्यवाद करें और पूरे दिन की गलतियों के लिए क्षमा मांगें। सकारात्मक विचारों के साथ दिन का समापन करें, ताकि नए साल की शुरुआत शुभ ऊर्जा के साथ हो।

इस प्रकार धार्मिक नियमों और संयम के साथ बिताया गया 1 जनवरी 2026 साल की सकारात्मक शुरुआत करता है और पूरे वर्ष जीवन में सुख-समृद्धि और मानसिक शांति भी बनाए रखता है।

# साल की आखिरी एकादशी पर विष्णु जी को कैसे करें प्रसन्न?

हिंदू धर्म में सभी तिथियों का विशेष महत्व माना गया है। हालांकि, इनमें प्रत्येक महीने की ग्यारहवीं तिथि अधिक महत्वपूर्ण होती हैं। मान्यता है कि, इस दिन एकादशी व्रत किया जाता है, जो सृष्टि के पालनहार विष्णु जी को समर्पित है। इस दिन उनकी पूजा-अर्चना, दान-दक्षिणा या भजन-कीर्तन जैसे शुभ कार्य करने से प्रभु शीघ्र प्रसन्न होते हैं। इसके प्रभाव से घर से लेकर साधक के निजी जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। यही नहीं धन की माता लक्ष्मी जी भी अपनी असीम कृपा बरसाती हैं। वर्तमान में पौष महीना जारी है और इस माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर पुत्रदा एकादशी मनाई जाती है। इस वर्ष 30 दिसंबर 2025 को पुत्रदा एकादशी व्रत रखा जाएगा। यह साल 2025 की आखिरी एकादशी होगी। ऐसे में इस दिन कुछ सरल उपाय करने से प्रभु प्रसन्न हो सकते हैं। साथ ही कार्यों में आ रही रुकावटें, विवाह मार्ग बाधाएं और करियर में अच्छे रिजल्ट मिल सकते हैं। ऐसे में आइए इन उपायों को जानते हैं।

### पुत्रदा एकादशी 2025

इस वर्ष पौष महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 30 दिसंबर 2025 को सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन अगले दिन 31 दिसंबर की सुबह 5 बजे होगा। इसलिए 30 दिसंबर 2025 को पुत्रदा एकादशी मनाई जाएगी।

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, पुत्रदा एकादशी के दिन भगवान विष्णु का पंचामृत से अभिषेक करें। यह सरल उपाय करियर में तरक्की, प्रमोशन के योग और व्यापार विस्तार की बाधाओं को दूर करता है। साथ ही मानसिक शांति भी बनी रहती हैं।



पुत्रदा एकादशी के दिन आप पान के पत्ते पर 'ॐ विष्णवे नमः' लिखकर विष्णु जी के चरणों में चढ़ाएं। यह शुभ होता है। मान्यता है कि, इस सरल उपाय से प्रभु प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाते हैं। पूजा के बाद इस पत्ते को आप अपनी तिजोरी में रख लें। इससे आर्थिक उन्नति भी होती हैं।

एकादशी के दिन विष्णु जी को केले का भोग लगाएं। इसके बाद गाय को घी चुपड़ी हुई रोटी पर गुड़ रखकर खिला दें। मान्यता है कि, यह सरल उपाय संतान के जीवन में सुख-समृद्धि से लेकर उनकी खुशियों में वृद्धि करता है।

पुत्रदा एकादशी पर आप तीन तुलसी के पत्ते पर 11 बार 'श्री' का जाप करके भगवान विष्णु को अर्पित करें। इस इसके बाद शाम को तुलसी के पास दीपक जलाकर उनकी पूजा भी करें। यह सरल उपाय बरकत के योग का निर्माण करता है।

एकादशी पर आप पीपल के पेड़ के नीचे तेल का एक दीपक जलाएं। इसके बाद पूजा करते हुए आप 'ऊँ नमो नारायणाय नमः' मंत्र का जाप करें। मान्यता है कि, इससे भगवान विष्णु की कृपा मिलती हैं। साथ ही व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

ब्रह्म मुहूर्त- सुबह में 5:24 से 06:19
प्रातः सन्ध्या- सुबह में 5:51 से 07:13
अभिजित मुहूर्त- दोपहर में 12:3 से 12:44
विजय मुहूर्त- दोपहर में 2:07 से 02:49
निशिता मुहूर्त- रात 11:57 से सुबह 12:51

# सूर्यास्त के बाद भूलकर भी दान में न दें ये चीजें

हिंदू मान्यताओं में दान को अत्यंत शुभ और पुण्यकारी माना गया है, जो व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाता है, बल्कि सुख-समृद्धि और मानसिक शांति भी प्रदान करता है। हालांकि, दान करने में समय का विशेष ध्यान रखना चाहिए। शास्त्रों के अनुसार सूर्यास्त के बाद यानी रात्रि के समय कुछ विशेष वस्तुओं का दान या लेन-देन करने से शुभ फल के बजाय अशुभ परिणाम मिल सकते हैं। मान्यता है कि संध्या काल में मां लक्ष्मी का आगमन होता है और इस समय गलत वस्तुओं का दान करने से घर की बरकत कम हो सकती है और नकारात्मक शक्तियां सक्रिय हो जाती हैं। साथ ही आर्थिक संकट पैदा होने लगता है। ज्योतिष और वास्तु विशेषज्ञ भी सलाह देते हैं कि रात के समय कुछ चीजों से दूरी बनाए रखना ही बेहतर होता है। आइए जानते हैं किन वस्तुओं का दान सूर्यास्त के बाद नहीं करना चाहिए।

### धन और आभूषण

सूर्य ढलने के बाद किसी को धन उधार देना या दान करना शुभ नहीं माना जाता। यह समय धन की देवी लक्ष्मी से जुड़ा होता है और इस दौरान पैसे का बाहर जाना आर्थिक अस्थिरता का कारण बन सकता है। इससे अचानक खर्च बढ़ सकते हैं और आय में कमी आने लगती है। इसी प्रकार आभूषणों का दान या शाम के समय उन्हें मरम्मत के लिए देना भी उचित नहीं माना गया है। धन से जुड़े सभी कार्य दिन में ही करने चाहिए।

### दूध और दही

दूध को चंद्रमा से जोड़ा जाता है, जो मन की शांति और पारिवारिक सुख का प्रतीक है। रात में दूध का दान करने से चंद्रमा का प्रभाव कमजोर पड़ सकता है, जिससे घर में तनाव और आर्थिक नुकसान की स्थिति बनती है। वहीं दही शुक्र ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है, जो ऐश्वर्य और सुख-सुविधाओं का कारक है। सूर्यास्त के बाद दही का दान करने से दांपत्य और घरेलू सुख पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इन दोनों वस्तुओं को दिन के समय दान करना अधिक शुभ फल देता है।

### नमक

वास्तु शास्त्र में नमक को नकारात्मक ऊर्जा को सोखने वाला तत्व माना गया है और इसका संबंध राहु-केतु से बताया जाता है। रात में नमक का दान या किसी को देना घर में नकारात्मकता बढ़ा सकता है, जिससे पारिवारिक विवाद और आर्थिक रुकावटें उत्पन्न होती हैं।

### हल्दी

हल्दी गुरु ग्रह से संबंधित मानी जाती है, जो ज्ञान, समृद्धि और सम्मान का प्रतीक है। शाम या रात के समय हल्दी का दान करने से गुरु ग्रह कमजोर हो सकता है, जिससे व्यक्ति के मान-सम्मान और आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है। खासकर गुरुवार के दिन इस नियम का पालन करना बेहद जरूरी माना गया है।

### लहसुन और प्याज

लहसुन और प्याज को तामसिक प्रवृत्ति का भोजन माना गया है और इन्हें केतु ग्रह से जोड़ा जाता है। सूर्यास्त के बाद इनका दान या लेन-देन करने से नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है, जिससे कामों में बाधाएं आती हैं और आर्थिक परेशानियां शुरू हो सकती हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### फारूक अब्दुल्ला कटरा से वंदे भारत ट्रेन से श्रीनगर गए

**जम्मू :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला सोमवार को माता वैष्णो देवी के बेस कैंप कटरा से वंदे भारत ट्रेन से श्रीनगर के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि अब्दुल्ला कटरा कस्बे पहुंचे, जहां से उन्होंने वंदे भारत ट्रेन से श्रीनगर की यात्रा की। उन्होंने कहा कि कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच रेल संपर्क से घाटी को काफी लाभ हुआ है, क्योंकि इससे यहां के निवासियों को हर मौसम में आवागमन की सुविधा मिली है। अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा, ट्रेन से बेहद लाभ हुआ है। भले ही उड़ानें न चलें या सड़क बंद हो जाए, ट्रेन फिर भी चलेगी। इससे लोगों की समस्याएं कम होंगी। उन्होंने कहा कि कश्मीर के लोगों के लिए बर्फबारी एक वरदान साबित हुई है, क्योंकि इसकी बहुत जरूरत थी। अब्दुल्ला ने कहा, इससे कुछ समस्याओं में राहत मिली है। हम और अधिक बर्फबारी की प्रार्थना करते हैं, क्योंकि यह हमारे लिए लाभकारी होगी। जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा, यह भी वक्त पर होगा।

### सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025: टेक्नोलॉजी से भारतीय खेलों को नई उड़ान

**कोलकाता :** सैमसंग के प्रमुख शिक्षा कार्यक्रम सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 में युवाओं ने टेक्नोलॉजी के जरिए भारतीय खेलों में पहुंच और भागीदारी बढ़ाने की नई राह दिखाई है। आईआईटी दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस पहल में स्पोर्ट्स एंड टेक्नोलॉजी के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन थीम के तहत देशभर के हजारों छात्रों ने नवाचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नेक्स्टप्लेएआई जैसे एआई आधारित प्लेटफॉर्म सामने आए, जो वीडियो एनालिटिक्स के जरिए प्रतिभा पहचान और व्यक्तिगत कोचिंग को सुलभ बनाते हैं। वहीं असम, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश की टीमों ने दृष्टिबाधित और ऑटिस्टिक बच्चों के लिए खेल आधारित समाधान विकसित किए। विजेता टीमों को आईआईटी दिल्ली में एक करोड़ रुपये तक का इनक्यूबेशन सपोर्ट और अन्य पुरस्कार दिए गए। टियर-खख और टियर-खखख शहरों की मजबूत भागीदारी ने यह साबित किया कि टेक्नोलॉजी भारतीय खेलों को समावेशी और अवसरों से भरपूर बना सकती है।

### गोवा नाइटक्लब अग्निकांड: अदालत ने लूथरा बंधुओं की पुलिस हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ाई

**पणजी :** गोवा की एक अदालत ने सोमवार को सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा की पुलिस हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ा दी। ये दोनों भाई 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब के सह मालिक हैं, जहां छह दिसंबर को भीषण आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे और 17 दिसंबर को उन्हें वहां से वापस भेज दिया गया था। पीड़ितों के परिवार का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता विष्णु जोशी ने बताया कि अदालत ने सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा की पुलिस हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ा दी है।

### डीपीसीसी ने दिल्ली में प्रदूषण फैलाने वाली 411 इकाइयों को बंद करने का आदेश दिया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने राष्ट्रीय राजधानी में अनिवार्य अनुमति के बिना संचालित हो रही और स्पष्ट रूप से वायु एवं जल प्रदूषण फैलाने वाली 411 औद्योगिक इकाइयों को बंद करने का आदेश दिया है। डीपीसीसी, राजस्व विभाग और दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना द्वारा 28 अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्रों और 27 पुनर्विकास क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान, अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 1,586 इकाइयों का निरीक्षण 20 दिसंबर तक किया गया, जिनमें से 232 इकाइयां डीपीसीसी की अनुमति के बिना संचालित पाई गईं और इनसे स्पष्ट प्रदूषण हो रहा था। अधिकारियों के अनुसार, पुनर्विकास क्षेत्रों में 1,102 इकाइयों का निरीक्षण किया गया और 179 इकाइयां प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करती पाई गईं।

# भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ज्ञान सबसे शक्तिशाली उपकरण : गडकरी

**पुणे :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ज्ञान सबसे शक्तिशाली उपकरण है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसके पास मौजूद भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी पर आधारित होता है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी को जमीनी स्तर तक पहुंचाना, विशेष रूप से कृषि और ग्रामीण भारत में, देश को आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, ''देश के विकास और प्रगति में भारतीय



प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और उसके छात्रों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। सरकार में काम करते समय अगर हमें कोई चुनौती आती है, तो हम सबसे पहले आईआईटी से सलाह लेते हैं। आईआईटी की विश्वसनीयता इतनी अच्छी है कि हमें जो समाधान मिलता है, वह व्यापक रूप से स्वीकार्य होता है। संक्षेप में कहें तो आप ज्ञान की राजधानी हैं।'' गडकरी ने कहा, ''देश की प्रगति, संसाधन और प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण हैं लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण भविष्य की प्रौद्योगिकी और ज्ञान है। किसी भी देश का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि उसके पास किस प्रकार की भविष्यान्मुखी प्रौद्योगिकी है।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक मिशन के रूप में लक्ष्य निर्धारित किया है और वह है भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''अगर हम पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं, तो ज्ञान सबसे शक्तिशाली उपकरण होगा।'' गडकरी ने कहा कि उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, कौशल और सर्वोत्तम प्रथाओं को सामूहिक रूप से ज्ञान कहा जाता है और इस ज्ञान को धन संपदा में परिवर्तित करना ही भविष्य है। उन्होंने बताया कि भारत की लगभग 60 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, लेकिन जीडीपी में इसका योगदान केवल लगभग 12 प्रतिशत है।

# वैश्विक शिक्षा केंद्र बनने के लिए भारत को अभी लंबा रास्ता तय करना है: शशि थरूर

**नालंदा :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने सोमवार को वैश्विक विश्वविद्यालय रैंकिंग में भारत की गिरती स्थिति की ओर इशारा करते हुए कहा कि अवास्तविक वैश्विक आकांक्षाएं विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में बुनियादी निवेश का विकल्प नहीं हो सकतीं। उन्होंने कहा कि वैश्विक शिक्षा केंद्र बनने के लिए भारत को अभी लंबा रास्ता तय करना है। प्रख्यात लेखक थरूर बिहार में जारी नालंदा साहित्य महोत्सव के दौरान प्रो. सचिन चतुर्वेदी के साथ साहित्य पर आयोजित एक संवाद सत्र को संबोधित कर रहे थे। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने कहा, दुनिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों में भारत का कोई संस्थान नहीं है। हालांकि कुछ विश्वविद्यालय अब शीर्ष 200 में शामिल हुए हैं, लेकिन शीर्ष 10 या यहां तक कि शीर्ष 50 में भी कोई भारतीय विश्वविद्यालय नहीं है।



उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार का स्वागत करते हुए इसे भारत की सभ्यतागत विरासत का प्रतीक बताया। नालंदा महाविहार स्थल में तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर 13वीं शताब्दी ईस्वी तक के एक मठवासी और शैक्षणिक संस्थान के पुरातात्विक अवशेष शामिल हैं। इस प्राचीन शिक्षाकेंद्र को 2016 में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था। थरूर ने कहा कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया का एक अग्रणी संस्थान था, केवल इसलिए नहीं कि उस समय कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी बल्कि इसलिए भी कि वह अपने आप में एक असाधारण संस्थान था। उन्होंने लगभग 1200 ईस्वी में बख्तियार खिलजी द्वारा किए गए तीसरे और अंतिम हमले के करीब 800 वर्ष बाद नालंदा विश्वविद्यालय के पुनः स्थापित होने को अत्यंत संतोष का विषय बताया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि कभी नालंदा में पश्चिम में तुर्किये और फारस से लेकर पूर्व में थाईलैंड तथा उत्तर में जापान तक से विद्यार्थी पढ़ने आते थे लेकिन आज भारतीय विश्वविद्यालयों में विदेशी विद्यार्थियों का अनुपात घट रहा है। थरूर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा, मुझे लगता है कि यह देखने के लिहाज से कि एनईपी भारतीय विश्वविद्यालयों को दुनिया में एक बड़ी ताकत बना पाएगी या नहीं, हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है।

## सूरत की अदालत ने सात वर्षीय जैन बच्ची की दीक्षा पर रोक लगायी

**सूरत :** गुजरात के सूरत शहर के एक कुटुम्ब न्यायालय ने सोमवार को सात वर्षीय जैन बच्ची की दीक्षा पर रोक लगा दी, क्योंकि उसके पिता ने याचिका दायर कर दावा किया था कि उससे अलग रह रही पत्नी ने उसकी इच्छा के विरुद्ध बच्ची को भिक्षु बनाने का निर्णय लिया। न्यायाधीश एस वी मंसूरी ने मुंबई में आठ फरवरी 2026 को होने वाली उसकी दीक्षा पर रोक लगा दी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील एस. मेहता ने कहा, अदालत ने लड़की की दीक्षा पर अंतरिम रोक लगाने की हमारी याचिका स्वीकार कर ली और अगली सुनवाई दो जनवरी के लिए तय की है। अदालत ने लड़की की मां को एक हलफनामा दाखिल करने को कहा है जिसमें यह बताया जाए कि बच्ची दीक्षा समारोह में भाग नहीं लेगी।'' अदालत को बताया गया कि इस मुद्दे पर हुए विवाद के बाद, महिला लगभग एक साल पहले अपना ससुराल छोड़कर बेटी और बेटे को लेकर मायके चली गई थी। लड़की के पिता ने 10 दिसंबर को कुटुम्ब न्यायालय में उसके संरक्षण की मांग करते हुए दावा किया था कि उससे अलग रह रही पत्नी ने उसकी इच्छा के विरुद्ध यह फैसला लिया कि बच्ची को जैन भिक्षु बनने के लिए दीक्षा लेनी चाहिए। न्यायाधीश मंसूरी ने याचिकाकर्ता की पत्नी को नोटिस जारी कर 22 दिसंबर तक जवाब मांगा था।

## भारत को अल्पकालिक और दीर्घकालिक युद्धों के लिए तैयार रहना चाहिए: सीडीएस

**मुंबई :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को कहा कि भारत को आतंकवाद को रोकने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे अल्पकालिक, उच्च तीव्रता वाले संघर्षों और अपने पड़ोसियों के साथ क्षेत्रीय विवादों के कारण दीर्घकालिक संघर्षों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। जनरल चौहान ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई में एक कार्यक्रम में कहा कि बहु-क्षेत्रीय अभियान अब विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता होंगे, जहां एक क्षेत्र का प्रभाव दूसरे क्षेत्र पर तुरंत महसूस होगा। उन्होंने पाकिस्तान या चीन का नाम लिए बिना कहा, ''भारत को किस प्रकार



के खतरों और चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए? यह दो तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। हमारे दोनों विरोधी -एक परमाणु हथियार संपन्न देश है और दूसरा परमाणु हथियारों से लैस देश है - इसलिए हमें उस स्तर की प्रतिरोधक क्षमता को भंग नहीं होने देना चाहिए।'' सीडीएस ने कहा कि भारत का अपने दोनों पड़ोसी देशों के साथ क्षेत्रीय विवाद है। उन्होंने कहा, ''हमें आतंकवाद को रोकने के लिए अल्पकालिक, तीव्र संघर्षों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए, जैसे कि ऑपरेशन सिंदूर। हमें भूमि विवादों के कारण भूमि केंद्रित, दीर्घकालिक संघर्ष के लिए भी तैयार रहना चाहिए। फिर भी, हमें इससे बचने का प्रयास करना चाहिए।'' देश के शीर्ष सैन्य अधिकारी ने नए क्षेत्रों का लाभ उठाने और एक कमजोर प्रतिद्वंद्वी के साथ विषमता पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया, और साथ ही यह भी कहा कि इन विषमताओं का फायदा अन्य देशों को उठाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## खराब मौसम से दिल्ली एयरपोर्ट पर 500 से अधिक उड़ानें प्रभावित

**नयी दिल्ली:** खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ। जानकारी के अनुसार 500 से अधिक उड़ानों में देरी हुई, जबकि कम से कम 14 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। एक अधिकारी ने बताया कि रद्द की गई उड़ानों में छह आगमन और आठ प्रस्थान शामिल हैं, जिनमें कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी थीं। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के अनुसार, यहां प्रतिदिन औसतन 1,300 उड़ानों का संचालन होता है। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक, उड़ानों की औसत देरी 30 मिनट से अधिक रही। बीते कई दिनों से घने कोहरे के कारण देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर विमान सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

## जम्मू-कश्मीर: बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के विरोध में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया



**जम्मू :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अलावा कई हिंदू संगठनों ने सोमवार को जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों पर कथित हमले, आगजनी, लूट और हत्या की घटनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सनातन धर्म सभा द्वारा बुलाए गए बंद के कारण कई दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महंत राम शरण दास आचार्य के नेतृत्व में, कई हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों, मंदिरों पर कथित हमले और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के विरोध में कुलीद चौक पर प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार पर गहरी चिंता जतायी। जम्मू कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा तथा भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता भी धरने में शामिल हुए। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने पत्रकारों को बताया, आज बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में किश्तवाड़ में प्रदर्शन हुए। सनातन धर्म सभा के आह्वान पर किश्तवाड़ में बंद रहा।


## उच्च शिक्षा के लिए सबसे ज्यादा कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन जाते हैं भारतीय छात्र: नीति आयोग रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** उच्च शिक्षा के लिए भारतीय छात्र सबसे ज्यादा कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी जाते हैं। नीति आयोग की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया। 'भारत में उच्च शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में, कनाडा 4,27,000 भारतीय छात्रों के साथ शीर्ष अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा गंतव्य था। इसके बाद अमेरिका (3,37,630), ब्रिटेन (1,85,000) ऑस्ट्रेलिया (1,22,202) और जर्मनी (42,997) का स्थान रहा। इसमें कहा गया है कि भारत दुनिया में अंतरराष्ट्रीय छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत देश है। 2024 में 13.35 लाख से अधिक छात्र विदेशों में अध्ययन कर रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया,



''2024 में भारत आने वाले प्रत्येक एक अंतरराष्ट्रीय छात्र के मुकाबले 28 भारतीय छात्र विदेश गए, जो देश के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिभा पलायन को दर्शाता है।'' रिपोर्ट में भारत में विदेशी छात्रों के आगमन के बारे में 2021-22 के आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि 2021-22 में नेपाल, अफगानिस्तान, अमेरिका, बांग्लादेश और संयुक्त अरब अमीरात भारत में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के शीर्ष स्रोत देश थे। रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में 8.5 लाख भारतीय छात्र पढ़ते हैं। इन छात्रों ने 2023-2024 में उच्च शिक्षा पर 2.9 लाख करोड़ रुपये खर्च किए। वहीं, लातविया में भारतीय छात्रों का प्रतिशत सबसे अधिक 17.4 है। उसके बाद आयरलैंड में 15.3 प्रतिशत और जर्मनी में 10.1 प्रतिशत है। रिपोर्ट में 2020 के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि राज्यों में, आंध्र प्रदेश से सबसे ज्यादा 35,614 छात्र पढ़ाई के लिए विदेश गए। उसके बाद पंजाब और महाराष्ट्र का स्थान रहा जहां से क्रमश: 33,412 और 29,079 छात्र उच्च शिक्षा के लिए विदेश गए।

## पंजाब: आठ करोड़ रुपये की ठगी के बाद पूर्व आईपीएस अधिकारी ने खुद को गोली मारी



**पटियाला :** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी अमर सिंह चहल ने सोमवार को यहां कथित तौर पर खुद को गोली मार ली जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। चहल ने एक पत्र में कथित रूप से कहा है कि साइबर ठगों ने खुद को धन प्रबंधन सलाहकार बताकर उनसे 8.10 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) वरुण शर्मा ने बताया कि उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चहल, फरीदकोट में 2015 में हुए बेअदबी विरोधी प्रदर्शनों से संबंधित पुलिस गोलीबारी मामलों में आरोपियों में से एक हैं। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से एक पत्र बरामद हुआ है, जिससे पता चलता है कि वह किसी वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हुए थे। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के नाम लिखे पत्र में चहल ने आरोप लगाया कि जालसाज 'एफ-777 डीबीएस वेल्थ इक्विटी रिसर्च ग्रुप' के नाम से व्हाट्सऐप और टेलीग्राम समूहों के माध्यम से सक्रिय थे और डीबीएस बैंक और उसके सीईओ के साथ संबंधों का झूठा दावा कर रहे थे।

## नेशनल हेराल्ड मामला: अदालत के आदेश के खिलाफ ईडी की याचिका पर सोनिया, राहुल से जवाब मांगा गया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर जवाब देने को कहा, जिसमें नेशनल हेराल्ड मामले में उनके खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करने वाले निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है।



न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने गांधी परिवार और अन्य लोगों को मुख्य याचिका के साथ-साथ ईडी के उस आवेदन पर भी नोटिस जारी किया, जिसमें 16 दिसंबर के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। निचली अदालत ने कहा था कि इस मामले में एजेंसी की शिकायत का संज्ञान लेना ''कानूनी रूप से अस्वीकार्य'' है क्योंकि यह प्राथमिकी पर आधारित नहीं है। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 मार्च 2026 की तारीख तय की। इस मामले में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ईडी का प्रतिनिधित्व किया, जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और आर एस चीमा ने गांधी परिवार की ओर से पैरवी की। निचली अदालत ने अपने आदेश में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की अनुसूची में उल्लिखित अपराध के लिए प्राथमिकी के अभाव में धन शोधन के अपराध से संबंधित जांच और उसके परिणामस्वरूप अभियोग शिकायत (आरोपपत्र के समकक्ष) ''मान्य नहीं'' है। अदालत ने कहा कि एजेंसी की जांच एक निजी शिकायत के आधार पर शुरू हुई थी, न कि प्राथमिकी के आधार पर।

## आतंकवाद, अन्य सभी अपराधों पर पुलिस की नजर बनी रहेगी: जम्मू कश्मीर के डीजीपी

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात ने सोमवार को कहा कि आतंकवाद और अन्य प्रकार की आपराधिक गतिविधियों पर पुलिस की नजर बनी रहेगी



तथा इसका लक्ष्य इस केंद्रशासित प्रदेश से राष्ट्र-विरोधी एवं असामाजिक तत्वों का पूरी तरह से सफाया करना है। वह कठुआ स्टेडियम में 14वें पुलिस शहीद स्मृति टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। पुलिस महानिदेशक ने कहा, ''चाहे वह ड्रग माफिया हो, या गैंगस्टर या किसी अन्य प्रकार का अपराध और विशेष रूप से आतंकवाद, वे सभी हमारे निशाने पर बने रहेंगे। हमारा लक्ष्य और उद्देश्य इन राष्ट्र-विरोधी एवं असामाजिक चीजों को पूरी तरह से खत्म करना है।'' शहीद कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए, डीजीपी ने कहा कि 1,620 पुलिस कर्मियों ने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किये हैं। उन्होंने कहा, ''यह टूर्नामेंट हमारे शहीदों की याद में आयोजित किया जा रहा है और देशभक्ति की भावना को दर्शाता है।''

## प्रियंका 'मिशन मोड' में अमेरिका जाएंगी, 'भारत विरोधी' लोगों से मिलेंगी, देश को 'बदनाम' करेंगी: भाजपा

**नयी दिल्ली :** भाजपा ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा अपने भाई और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नक्शेकदम पर चलते हुए ''भारत विरोधी'' लोगों से मिलने एवं देश को ''बदनाम'' करने के लिए ''मिशन मोड'' पर अमेरिका की यात्रा पर जाने वाली हैं। प्रियंका या कांग्रेस की ओर से भाजपा के आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सुना है कि प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल गांधी की तरह भारत को बदनाम करने के मिशन पर अमेरिका जा रही हैं। वहां उनका स्वागत जॉर्ज सोरोस जैसे भारत विरोधी लोग करने जा रहे हैं।'' पूर्व राज्यसभा सदस्य ने कहा कि उन्हें यह पता होना चाहिए कि इस तरह का ''स्टंट'' उन पर ''बहुत ज्यादा'' भारी पड़ेगा। हालांकि, इस्लाम ने प्रियंका गांधी की अमेरिका यात्रा के बारे में कोई और जानकारी साझा नहीं की। भाजपा की एक अन्य राष्ट्रीय प्रवक्ता शाज़िया इल्मी ने ''पारदर्शिता'' की मांग करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2015 से अब तक 247 विदेश यात्राएं की हैं और इनमें से कई यात्राओं को ''निजी'' घोषित किया गया है, जिनमें बैठकों, एजेंडा या वित्तपोषण का कोई खुलासा नहीं किया गया है। उन्होंने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''सोरोस से जुड़े संगठनों, एफईएस मंचों, ओएसएफ द्वारा वित्तपोषित संस्थानों में बार-बार उपस्थिति दर्ज कराते हुए विदेशों में भारत के लोकतंत्र पर हमला करना। अब राहुल जर्मनी में, प्रियंका अमेरिका में-वही पैटर्न, वही स्क्रिप्ट।'' इल्मी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की ऐसी विदेश यात्राओं के बाद, भारत में ''सड़कों पर प्रदर्शन, संस्थानों पर सवाल उठाने वाली वैश्विक रिपोर्ट और बयान, और सीएए, कृषि कानूनों, अदाणी पर हमलों जैसे विरोध प्रदर्शन देखने को मिलते हैं''। उन्होंने कहा, ''जब भी भारत में सुधारों पर बहस होती है या विरोध प्रदर्शन होते हैं, गांधी भाई-बहन सोरोस से जुड़े मंचों पर विदेशों में दिखाई देते हैं और भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाते हैं। यह संयोग है या मिलीभगत?''

# साल 2013 के झीरम घाटी नक्सली हमले में कांग्रेस के अंदरूनी लोग ही शामिल थे: नड्डा

**जांजगीर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी के अंदरूनी लोग ही 2013 के झीरम घाटी नक्सली हमले को अंजाम देने में शामिल थे, जिसके कारण कांग्रेस नेताओं की हत्या हुई। नड्डा ने राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर 'जनादेश परब' समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार का नक्सलियों के साथ समझौता था, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली 'डबल-इंजन' सरकार ने



नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने काम किया। नड्डा ने कहा कि 2013 में झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले के दौरान वह छत्तीसगढ़ में पार्टी के प्रभारी थे। उन्होंने कहा, आज मैं बड़ी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं कि झीरम घाटी की घटना की जानकारी और अंदर की खबर कोई और नहीं दे रहा था, बल्कि पार्टी के लोग ही अपने लोगों को मरवाने के लिए लगे हुए थे और नक्सलियों के संपर्क में थे। माओवादियों ने 25 मई, 2013 को राज्य के बस्तर जिले की झीरम घाटी में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की 'परिवर्तन रैली' के दौरान नेताओं के काफिले पर हमला किया था, जिसमें तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत 32 लोग मारे गए थे। घटना के बाद रमन सिंह के नेतृत्व वाली तत्कालीन भाजपा सरकार ने मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी थी। वहीं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जांच आयोग का गठन किया गया था।

# नीतीश कुमार, सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात राज्य के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की शानदार जीत के बाद कुमार के पूर्वी राज्य की कमान फिर से संभालने के लगभग एक महीने बाद हुई। कुमार ने, बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी और जद(यू) नेता तथा केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह के साथ, मोदी और शाह से अलग-अलग मुलाकात की और माना जाता है कि उन्होंने राज्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों - विकास और राजनीतिक दोनों - पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर



एक पोस्ट में कहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने अपने उपमुख्यमंत्री चौधरी और केंद्रीय मंत्री सिंह के साथ शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। शाह ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह जी और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी से भेंट हुई। मोदी जी और नीतीश जी के नेतृत्व में राजग सरकार प्रदेश में जनकल्याण व सुशासन को और अधिक ऊंचाई देने के लिए कटिबद्ध है।

# एफटीए में न्यूजीलैंड को भारत में डेयरी उत्पादन और 100 प्रतिशत निर्यात की अनुमति होगी: गोयल

## समझौते के तहत न्यूजीलैंड को दुग्ध क्षेत्र में कोई शुल्क रियायत नहीं दी



**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत न्यूजीलैंड की कंपनियां भारत में डेयरी का कच्चा माल या सामग्री लाकर उसमें से उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बना सकती हैं और फिर उन सभी उत्पादों को पूरी तरह से विदेशों में बेच सकती हैं। गोयल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस व्यवस्था से भारत को न्यूजीलैंड और अन्य देशों को निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, 'इसके लिए एक 'फास्टट्रैक' निवेश प्रक्रिया लागू की जाएगी, जो सिर्फ निर्यात के लिए उत्पाद बनाने वाले निवेश के लिए उपयोग होगी।' इसके साथ ही गोयल ने स्पष्ट किया कि डेयरी के लिए भारत ने कभी भी आयात शुल्क में छूट नहीं दी है और भविष्य में भी नीति में कोई बदलाव नहीं होगा। प्रस्तावित एफटीए में डेयरी क्षेत्र पर एक सलाह-पत्र भी जोड़ा गया है, जिसमें दोनों पक्ष समझौते की समीक्षा के दौरान परामर्श कर सकते हैं, लेकिन इसका कोई बाध्यकारी अर्थ नहीं है।

### न्यूजीलैंड ने आवाजाही के नियमों को उदार बनाया, भारतीय छात्रों को मिलेगा कार्य वीजा

**नयी दिल्ली:** न्यूजीलैंड ने मुक्त व्यापार समझौते के तहत आवाजाही संबंधी प्रावधानों को उदार बनाया है। इससे भारतीय छात्रों को अध्ययन के बाद लंबी अवधि के कार्य वीजा प्राप्त करने की सुविधा मिलने के साथ योग प्रशिक्षकों तथा होटल में काम करने वाले रसोइयों (शेफ) सहित 5,000 भारतीय पेशेवरों को वहां काम करने की अनुमति मिल रही है। दोनों देशों ने सोमवार को मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता के समापन की घोषणा की। उम्मीद है कि इस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे और यह लगभग सात से आठ महीनों में लागू हो जाएगा।

### भारत डेयरी, सब्जियों, चीनी, तांबा, एल्युमिनियम पर न्यूजीलैंड को नहीं देगा शुल्क रियायत

**नयी दिल्ली:** भारत ने न्यूजीलैंड के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में किसानों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों को प्राथमिकता देते हुए डेयरी, पशु उत्पाद, सब्जियां, चीनी, तांबा और एल्युमिनियम जैसे कई संवेदनशील क्षेत्रों में कोई भी शुल्क रियायत नहीं देने का फैसला किया है। दोनों देशों ने सोमवार को एफटीए वार्ता पूरी होने और तीन महीनों के भीतर समझौते पर हस्ताक्षर होने की घोषणा की। इस समझौते के अगले वर्ष लागू हो जाने की उम्मीद है। समझौते के तहत जिन उत्पादों को 'शुल्क रियायत सूची' से बाहर रखा गया है, उनमें डेयरी उत्पाद (दूध, क्रीम, दही, पनीर), पशु उत्पाद (भेड़ के मांस को छोड़कर), सब्जी उत्पाद (प्याज, चना, मटर, मक्का), चीनी, कृत्रिम शहद तथा पशु, वनस्पति या सूक्ष्मजीव आधारित वसा एवं तेल शामिल हैं। इनके अलावा हथियार और गोला-बारूद, रत्न एवं आभूषण, तांबा और उससे बने उत्पाद और एल्युमिनियम एवं उससे संबंधित वस्तुओं पर भी भारत, न्यूजीलैंड को किसी तरह की शुल्क रियायत नहीं देगा।

## न्यूज ब्रीफ

### केनरा बैंक के एमडी एवं सीईओ पद के लिए ब्रजेश कुमार सिंह के नाम की अनुशंसा

**नयी दिल्ली:** वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने सोमवार को केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पद के लिए ब्रजेश कुमार सिंह के नाम की अनुशंसा की। इस समय इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में पदस्थ सिंह केनरा बैंक के मुखिया के तौर पर के. सत्यनारायण राजू का स्थान लेंगे। राजू इसी महीने सेवानिवृत्त होने वाले हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के निदेशकों का चयन करने वाले एफएसआईबी ने एक बयान में कहा कि 17 उम्मीदवारों के साक्षात्कार के बाद सिंह के नाम की अनुशंसा की गई है।

### देश के आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर नवंबर में घटकर 1.8 प्रतिशत

**नयी दिल्ली:** देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि दर नवंबर में घटकर 1.8 प्रतिशत रह गई। यह नवंबर 2024 में 5.8 प्रतिशत थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों और बिजली उत्पादन में गिरावट से यह सुस्ती आई है। हालांकि आंकड़ों से पता चलता है कि इन क्षेत्रों का प्रदर्शन मासिक आधार पर सुधरा है। अक्टूबर में आठ प्रमुख उद्योगों कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, बिजली, उर्वरक और इस्पात का उत्पादन घटकर शून्य से नीचे 0.1 प्रतिशत पर आ गया था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-नवंबर अवधि में इन क्षेत्रों का उत्पादन 2.4 प्रतिशत बढ़ा जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी।

## सेल को संचार क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए आठ राष्ट्रीय पुरस्कार



**नयी दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया ने आठ प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि ये पुरस्कार देहरादून में 13 से 15 दिसंबर, 2025 तक आयोजित 47वें ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉफ्रेंस के दौरान प्रदान किए गए। बयान में कहा गया, 'सेल को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) ने आठ प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया है। ये सम्मान कॉरपोरेट संचार के क्षेत्र में सेल के अभिनव दृष्टिकोण, विशेष रूप से एआई (कृत्रिम मेधा) जैसे अत्याधुनिक तकनीक के सफल एकीकरण और राष्ट्रीय विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए प्रदान किए गए।' सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने टीम को बधाई देते हुए कहा, 'अत्याधुनिक नवोन्मेष का लाभ उठाकर, हमें अपनी संचार के तरीकों को और मजबूत करने पर जोर देना चाहिए, नए मानक स्थापित करने चाहिए और पेशेवर संचार के उच्चतम स्तर को बनाए रखना चाहिए, जिससे सेल की दीर्घकालिक वृद्धि और सफलता में सार्थक योगदान मिल सके।'

## भारत में 2025 में आईटी भर्तियों में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**मुंबई:** भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में 2025 में सुधार के संकेत देखने को मिले हैं और इस दौरान कुल रोजगार मांग बढ़कर 18 लाख भूमिकाओं तक पहुंच गई। एक रिपोर्ट के अनुसार यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। कार्यबल और प्रतिभा समाधान प्रदाता क्वेस कॉर्प की 'भारत में आईटी कार्यबल रुझान 2025' रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में भारत के आईटी भर्ती परिदृश्य में सुधार देखने को मिला और कुल आईटी रोजगार मांग 18 लाख भूमिकाओं तक पहुंच गई, जो पिछले साल के मुकाबले 16 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) ने भारत के आईटी भर्ती बाजार में अपना योगदान बढ़ाया है। वर्ष 2025 के दौरान कुल मांग में उनकी हिस्सेदारी करीब 27 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा 2024 में लगभग 15 प्रतिशत था। इसमें कहा गया कि उत्पाद और सॉफ्टवेयर-एज-सर्विस (सास) कंपनियों ने भी भर्ती में योगदान दिया, जबकि आईटी सेवा और परामर्श में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। वित्तपोषण में नरमी के बीच स्टार्टअप में भर्तियां घटकर निचले एक अंक में आ गईं। इस दौरान अपने करियर के मध्य में आ चुके पेशेवरों (4 से 10 साल का अनुभव) का कुल भर्तियों में 65 प्रतिशत हिस्सा रहा, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 50 प्रतिशत था। शुरुआती स्तर की भर्तियों की हिस्सेदारी कुल मांग में 15 प्रतिशत रही।



## वैश्विक स्तर मजबूत रुख, विदेशी निवेशकों की लिवाली से सेंसेक्स 638 अंक चढ़ा, निफ्टी 26,000 अंक के पार

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला सोमवार को दूसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 638 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी निवेश तथा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद से निवेशकों की धारणा सकारात्मक रहने से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 638.12 अंक यानी 0.75 प्रतिशत चढ़कर 85,567.48 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 671.97 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 206 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 26,000 अंक के पार 26,172.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट में सर्वाधिक 3.56 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टीसीएस, भारती एयरटेल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा मोटर्स, रिलायंस और मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, भारतीय स्टेट बैंक सर्वाधिक 0.6 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और टाइटन भी नुकसान में रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'मजबूत नकदी और वैश्विक संकेतों के समर्थन से भारतीय बाजार ने साल के अंत की तेजी को बरकरार रखा है। इसका कारण 2026 में फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुद्ध लिवाली की, जिससे सकारात्मक माहौल और मजबूत हुआ।

### अमेजन पे ने लॉन्च किया यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन फीचर

**कोलकाता** : अमेजन पे ने इंडस्ट्री में पहली बार यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन सुविधा लॉन्च की है, जिसके साथ यह फीचर शुरू करने वाला भारत का पहला पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर बन गया है। अब ग्राहकों को यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होगी और वे फिंगरप्रिंट या फेस स्कैन के जरिए सुरक्षित रूप से भुगतान कर सकेंगे। नई सुविधा के तहत 5,000 रुपये तक के यूपीआई लेनदेन पिन-फ्री होंगे। इससे दोस्त को पैसे भेजना, स्कैन एंड पे, मर्चेंट पेमेंट और बैलेंस चेक करना पहले से कहीं ज्यादा आसान और तेज हो जाएगा। कंपनी के अनुसार, पात्र पीयर-टू-पीयर ट्रांजैक्शन में 90 प्रतिशत से अधिक ग्राहक बायोमेट्रिक विकल्प को प्राथमिकता दे रहे हैं। अमेजन इंडिया के डायरेक्टर ऑफ पेमेंट्स गिरीश कृष्णन ने कहा कि यह फीचर भुगतान को सरल, तेज और अधिक सुरक्षित बनाता है। फिलहाल यह सुविधा एंड्रॉयड यूजर्स के लिए उपलब्ध है और डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में अमेजन पे की इनोवेशन को मजबूत करती है।

### स्ट्रीट फूड, तेल और फूड लेबल्स के पीछे का विज्ञान: अनुभव सप्रा

**कोलकाता** : कुलिनरी एक्सप्लोरर और दिल्ली फूड वॉक्स के संस्थापक अनुभव सप्रा ने एक पॉडकास्ट सीरीज़ के जरिए भारत के लोकप्रिय स्ट्रीट फूड के पीछे छिपे खाद्य विज्ञान और भ्रामक फूड लेबल्स की सच्चाई को सरल शब्दों में सामने रखा है। साइलेंट हीरो: द साइंस ऑफ व्हाट वी ईट एपिसोड में उन्होंने बताया कि स्ट्रीट वेंडर पाम तेल का उपयोग उसकी उच्च तापमान पर स्थिरता, न्यूट्रल स्वाद और बेहतर तलने की क्षमता के कारण करते हैं, जिससे स्नैक्स कुरकुरे बनते हैं। दूसरे एपिसोड नो पाम ऑयल? डोंट बी फूल्ड में अनुभव ने 'नो पाम ऑयल' जैसे लेबल्स को लेकर जागरूक किया और कहा कि ये अक्सर मार्केटिंग का हिस्सा होते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं को सामग्री सूची और पोषण तथ्यों को ध्यान से पढ़ने की सलाह दी। अनुभव ने बताया कि पाम तेल स्वाभाविक रूप से ट्रांस-फैट और कोलेस्ट्रॉल-फ्री होता है तथा संतुलित मात्रा में सुरक्षित है। यह पॉडकास्ट उपभोक्ताओं को सोच-समझकर भोजन चुनने के लिए प्रेरित करता है।




वर्ष 10, पूर्णांक 3451 अंक 261, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in